Shri Suraj Bhan : According to the present rules the students of Scheduled Castes and Scheduled tribes get the same scholarship which is given to students of Scheduled Castes.- They are debarred from Merit Scholarship. Those students who are entitled for Merit Scholarship after showing good result get the scholarship being a student of Scheduled Cast Will the Hon. Minister give an assurance that if a student of Scheduled Caste is entitesd for Merit scholarship on the basis of his performance then he may get that scholarsbipleas well as the scholorship of Scheduled Castes.

Shri Muthyal Rao : It would be wrong. How can two scholarships he given to only one student ? An hon. Member cannot be an M. P. and an M. L. A. both.

श्री ई० के० नायनार : पिछले सत्र के दौरान मंत्री महोदय श्री मुत्याल राव ने केरल सरकार पर आरोप लगाया था कि उसने अनुसूचित जातियों के लिये आबंटित धन को खर्च नहीं किया । अध्यक्ष महोदय ने हमें आश्वासन दिया था कि मंत्री महोदय केरल सरकार से जानकारी प्राप्त करके संसद के समक्ष पेश करेंगे ; परन्तु अभी तक उन्होंने ऐसा नहीं किया है । मैंने केरल सरकार से पूछा था कि क्या केन्द्र सरकार द्वारा दी गई धनराशि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों पर खर्च की गई धनराशि से अधिक है । वास्तव में केरल सरकार को अनुसूचित जतियों/आदिम जातियों की सहायता करने के लिये अधिक धन की आवश्यकता है । क्या मैं जान सकता हूँ कि मंत्री महोदय पिछले सत्र में केरल सरकार के विरुद्ध आरोप लगाकर संसद को धोखे में रखने के बारे में, संसद में कुछ बतायेंगे ? दूसरे, क्या केन्द्रीय सरकार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों की सहायता करने के लिये केरल सरकार को और अधिक धन देने के बारे में विचार करेगी ?

श्री मुत्याल राव : हमें केरल की जनता की ओर से बड़ी शिकायतें मिली हैं । मेरे पास कुछ पत्र हैं और इस मामले पर विचार किया जा रहा है । हम कोई ठोस प्रस्ताव पेश करेंगे तथा में यह दिखा दूँगा कि केरल सरकार धन-राशि का दुरुपयोग कर रही है ।

उपाध्यक्ष महोदय : यह गम्भीर मामला है । उन्होंने आरोप लगाया है तथा अध्यक्ष महोदय ने उन्हें जानकारी प्राप्त करके इन आरोपों को सिद्ध करने अथवा उन्हें वापस लेने का निर्देश दिया था ।

श्री मुत्याल राव : वह हो जायेगा ।

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होंने स्वीकार किया है कि वह जाँच करेंगे ।

कई माननीय सदस्य खड़े हुए ।

Shri Rabi Ray : Before this session ends.

डा० राम सुभग सिंह : यह कार्य लगभग एक मास के अन्दर हो जायेगा . . . . . (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : वे अधिक समय चाहते हैं । . . . (व्यवधान)

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : जब यह प्रश्न संसद में उठाया गया था तब सारी सभा ने इस का विरोध किया था और अध्यक्ष महोदय के कहने पर उन्होंने ऐसा करने का वायदा किया था। अब यह उन पर था कि वह अपने आप हमें इसके बारे में उत्तर देते। परन्तु इन्होंने नहीं दिया। यदि वह कहते हैं कि उनके पास इसकी रिपोर्ट पहले की ही है तो मैं नहीं समझता कि वह फिर और अधिक समय क्यों चाहते हैं। सत्रावसान से पूर्व सरकार को इन आरोपों की सत्यता के बारे में एक वक्तव्य देना चाहिये और यदि वे आरोप सत्य नहीं है तो उन्हें क्षमा मांगनी चाहिए।

(व्यवधान)

डा० राम सुभग सिंह : हमने आश्वासन दिया था तथा विलम्ब का हमें खेद है। परन्तु यह कर दिया जायेगा।... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : ठीक है।

श्री उमानाथ : जब वह कहते हैं कि वक्तव्य देने के लिये उन्हें एक मास की अवधि चाहिये तो क्या जांच तथा रिपोर्ट पूरी होने से पूर्व मंत्री महोदय का यह कहना उचित है कि "हां, दुरुपयोग हुआ है। मैं इसे सिद्ध कर दूंगा।" (व्यवधान)

Shri Rabi Ray : This Minister is very irresponsible.

श्री उमानाथ : एक ओर तो वह कहते हैं कि जो बात उन्होंने कही है वह उसे सिद्ध कर देंगे परन्तु दूसरी ओर इसके लिए समय भी मांगते हैं। इसका अर्थ है कि जांच अभी अपूर्व है और जांच से पूर्व उन्हें कुछ नहीं कहना चाहिए। यह ठीक नहीं है। उन्हें अपने आरोप वापस लेने चाहिये। (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : जब तक आप अपने आरोपों को सिद्ध नहीं करते तब तक उन्हें दोहरायें नहीं। यह ठीक नहीं है।

विधि मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : श्री नायनार के प्रश्न के दूसरे भाग के बारे में...

श्री वासुदेवन नायर : प्रश्न के पहले भाग का क्या हुआ ? अभी तक आप चुप ही बैठे रहे।

श्री गोविन्द मेनन : इसलिये कि यह सब कुछ उस समय हुआ जबकि मैं समाज कल्याण मंत्री नहीं था। मेरे सहयोगी ने अवश्य ही एक बात कही थी और वह निराधार हुई तो वह यह मान लेंगे। उन्होंने समय मांगा है और यदि यह बात तथ्यों पर आधारित होगी तो... (व्यवधान)

श्री वासुदेवन नायर : केरल सरकार ने इसे चुनौती दी थी।

श्री गोविन्द मेनन : मैं समझा था कि शायद यह मामला समाप्त कर दिया गया है क्योंकि आज स्थिति यह है कि उन्होंने जो आरोप लगाये हैं उन्हें सच नहीं माना गया है। उन्हें चुनौती दी गई है तथा अब यह बात सरकार पर निर्भर करती है कि वह या तो इन आरोपों को वापस ले अथवा उन्हें सिद्ध करें। वह किया जायेगा।

प्रश्न के दूसरे भाग के बारे में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों को ये वजीफे आदि किसी खास दर पर भारत के हर भाग में दिये जाते हैं, इसी प्रश्न के दौरान कुछ माननीय सदस्यों ने यह भी प्रश्न उठाया है कि यह धन राशि थोड़ी है तथा हम भी यह स्वीकार

करते हैं कि इस संदर्भ में कुछ वृद्धि कि जानी चाहिये यदि इसके लिये धन-राशि उमलब्ध हो। यही कठिनाई है। सदन को यह मालूम होना चाहिये कि वर्ष 1947 में अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों को 527 वजीफे मिले थे। हमें अधिक काम करने हैं। यह मैं स्वीकार करता हूं परन्तु हमें स्थिति को भी समझना है। वर्ष 1947 में जब हम आजाद हुए थे तो अनुसूचित जातियों के 527 सदस्यों को छात्रवृत्तियाँ मिली थीं। 1966-67 में यह संख्या 90,264 तक पहुंच गई। इसी प्रकार अनुसूचित आदिम जातियों के बारे में वर्ष 1942 में यह संख्या 84 थी जबकि अब यह संख्या 17,760 है। धन के हिसाब से जम्मू और काश्मीर राज्य को छोड़ कर आज इस पर 6,49,46,153 रुपये खर्च होते हैं जब कि वर्ष 1948-49 में यह राशि केवल लगभग 5 लाख रुपये थी। इसलिये आंकड़ों के हिसाब से तो छात्रवृत्ति में भारी वृद्धि हुई है। मैं इस आलोचना को भी समझता हूं कि प्रत्येक छात्रवृत्ति के लिए दी जाने वाली राशि को देखते हुए आज के ऊंचे मूल्यों आदि काफी नहीं हैं। इसलिये तो पहले मेरे सहयोगी ने कहा था कि इस बारे में वृद्धि करने की सम्भावना के सम्बन्ध में हम वित्त मंत्रालय से बात-चीत कर रहे हैं।

Shri Sheo Narain : It is a serious issue, and not an easy question. This is all due to the present Govt. This Gorvt had decided to provide the Harijans with good education ; and the same is provided in the Constitution also. We have no complaint with you but with the Govt. who although grants everything but practically the same is never available. I want that whatever is allotted by the Govt. the some should also be made available to our children in time. But is this contrary the they get it at the end of eyear. I, therefore, want to know what is the provision in the Constitution and the names of these persons who block the way and whether the Govt· is prepared to take drastic steps against them ?

श्री गोविन्द मेनन : इस सम्बन्ध में अन्य माननीय सदस्यों ने भी कहा है। इससे प्रकट होता है कि इस बारे में बहुत शिकायतें हैं। केन्द्र सरकार धन-राशि प्रदान करती है और कुछ राज्य ऐसे हैं जहां से कोई भी शिकायत नहीं आती। उदाहरणार्थ गुजरात राज्य में छात्रवृत्तियों के वितरण के सम्बन्ध में विलम्ब की कोई भी शिकायत नहीं है। कुछ अन्य राज्यों के बारे में भी शिकायतें आई हैं और हम उनकी जांच कर रहे हैं।

Shri Rabi Roy : Complaints from other States excepting Gujarat ?

श्री गोविन्द मेनन : मेरे पास तो यही जानकारी है। उदाहरणार्थ महाराष्ट्र से भी अधिक शिकायतें नहीं आई हैं। अतः हम इस प्रश्न पर विचार कर रहे हैं कि राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्तियों के वितरण के बारे में क्या कोई नियमबद्धता सम्भव है ; तथा इसके बारे में राज्य सरकार से विचार-विमर्श करना होगा। यदि केन्द्र सरकार छात्रवृत्तियों का वितरण करना आरम्भ कर देती है तो इससे अधिक विलम्ब होने की सम्भावना है क्योंकि राज्य सरकार का सम्पर्क उन लोगों से अधिक निकट का है जिनको सहायता की आवश्यकता होती है।

Demand For Tractors, Fertilizers and Agricultural Implements

*697. **Shri Maharaj Singh Bharati** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a boom in demand for tractors, fertilizers and agricultural implements continued even during the last two years of Plan holiday, i. e. in 1966-67 1967-68 when there was economic recession ;

(b) if so, whether it was the preplanned outcome or the error in the assessment of the demand that the farmers got these materials at abnormal high price ; and

(c) the special measures being taken to check recurrence of the aforesaid error during the Fourth Five Year Plan period ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 2671/68]

Shri Maharaj Singh Bharati : Last time, all the factoris were adversely affected by the financial recession but you admitted that the high prices still prevailed over the fertilizers and machines—how sweet you spoke ? I want to know that when there can be such a rise in prices and black-marketing of goods even during the recessions, what will happen at the time of high prices ; and what specific measure are you going to take during the Fourth Five year Plan to avoid such consequences ?

You have replied that every effort is being made to accelerate production , but the very thing I had asked as to what efforts are being made. Please reply to that also ?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : उत्तर में केवल यही वाक्य नहीं कहा गया है बल्कि सरकार की नीति और दृष्टिकोण को स्पष्ट करता हुआ एक लम्बा विवरण प्रस्तुत किया गया है । उर्वरकों के बारे में जो कार्यक्रम बने हैं वे सबको ज्ञात हैं । उसके उत्पादन के बारे में पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय कार्य करता है । कृषि सम्बन्धी मशीनों के बारे में अन्ततः जिम्मेवारी उद्योग मंत्रालय की है । परन्तु हमने अपनी आवश्यकताओं का लेखा तैयार करके उद्योग मंत्रालय को बता दिया है अगले कुछ वर्षों में कृषि-मशीनों की आवश्यकता और अधिक होगी । इन सभी बातों पर विचार करते हुए कुछ अत्यन्त महत्वपूर्ण उपाय किये गये हैं, ट्रैक्टरों तथा विद्युत-चालित हलों के उद्योग के ऊपर से लाइसेंस को प्रतिबन्ध हटा लिया गया है । उनके निर्माण कार्यक्रम पर अब कोई प्रतिबन्ध नहीं है तथा कोई भी असामी उन्हें बना सकता है । वर्तमान निर्माताओं को भी मुक्त रूप से विदेशी मुद्रा बट जाती है ताकि वे अधिक ट्रैक्टरों का निर्माण कर सकें । इस वर्ष, उद्योग मंत्रालय ने संकेत दिया है कि हमारे देश में 20,000 ट्रैक्टरों का निर्माण किया जायेगा । मांग और सप्लाई के अन्तर को पूरा करने के लिये इस वर्ष हम 16,000 से 17,000 तक ट्रैक्टरों का आयात करने का प्रयत्न कर रहे हैं ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

बनस्पति घी के बनाने वाले

*696. श्री रा० कों० अपोन : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उद्योगों को उनके लाइसेंसों में उल्लिखित क्षमता से 25 प्रतिशत अधिक उत्पादन करने की अनुमति दी गयी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि यह सुविधा बनस्पति घी बनाने वालों को नहीं दी गयी है ; और

(ग) यदि हां, तो ऐसा न करने के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) भारत सरकार द्वारा 27-10-1968 को जारी किये गये प्रेस नोट के अनुसार उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन पंजीबद्ध लाइसेंस शुदा सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को अपनी पंजीबद्ध/लाइसेंसशुदा क्षमता का और कोई लाइसेंस प्राप्त किए बिना 25 प्रतिशत तक अपना उत्पादन बढ़ाने की अनुमति दी गई थी लेकिन इसके लिए निम्नलिखित शर्तें थीं :—

(1) देश में खरीदे गये छोटे-मोटे उपकरणों को छोड़ कर, कोई अतिरिक्त प्लांट तथा मशीनरी स्थापित न करना ;

(2) कोई अतिरिक्त विदेशी मुद्रा न खर्च हो ; और

(3) ऐसे अतिरिक्त उत्पादन के लिए दुर्लभ कच्चे माल की अतिरिक्त मांग न हो।

(ख) यह सुविधा वनस्पति उद्योग को उपलब्ध थी और अब भी उपलब्ध है । लेकिन 16-9-1968 से जब उद्योग को आंशिक रूप से लाइसेंस रहित किया गया था, तब से निम्नलिखित शर्तें लागू की गई हैं :—

(1) लाइसेंस के अन्तर्गत क्षमता को छोड़कर, कारखाने की कुल क्षमता प्रति दिन 100 मीटरी टन से ज्यादा नहीं हो ।

(2) लाइसेंस के अधीन क्षमता को छोड़ कर, एक ही मालिक के अधीन कारखानों के ग्रुप की कुल क्षमता प्रति दिन 200 मीटरी टन से ज्यादा नहीं हो ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

बिना लाइसेंस वाले रेडियो

*698. श्री श्रीचन्द गोयल : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय अनुमानतः कितने रेडियो बिना लाइसेंस के हैं ; और

(ख) उनको लाइसेंस जारी करने के लिए क्या कार्यवाही की गयी है ?

संचार-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) देश भर में बिना लाइसेंस के रेडियो सेटों का अनुमान लगाना संभव नहीं है ।

(ख) बिना लाइसेंस के रेडियों सेटों का पता लगाने के लिए विभाग के बेतार अपवंचन विरोधी कर्मचारियों द्वारा अकेले या दस्तों में गहरी छानबीन की जाती है।

इस सम्बन्ध में इस वर्ष उठाया गया एक विशेष कदम 1 फरवरी, 1968 के तीन महीने की अवधि तक के लिये आम माफी की घोषणा करना था। इस अवधि के दौरान वगैर लाइसेंस रेडियों सेटों के लिये अधिभार की अदायगी किये बिना तथा उसके उत्पादन-स्रोत के प्रमाण व सेट लेने की तारीख बताये बिना लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता था। इसके परिणामस्वरूप फरवरी, मार्च और अप्रैल, 1968 के महीनों के दौरान आम माफी की नई शर्तों के अन्तर्गत 3,49,043 लाइसेंस जारी किये गये।

कृषि मजदूरों को ऋण प्रस्ताव

*699. श्री भोगेन्द्र झा : क्या खाद्य तथा कृषिमंत्री 29 अगस्त, 1968 के आतारांकित प्रश्न संख्या 6438 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन राज्यों ने ऋण की मूल राशि से दुगुनी राशि से भी अधिक ब्याज के रूप में लिये जाने को दण्डनीय अपराध बनाया है और इस प्रकार के अधिनिममों को किस हद तक क्रियान्वित किया गया है और इसके क्या परिणाम निकले हैं ; और

(ख) क्या मूल से दुगुनी राशि के लिये जाने को कानून तथा दण्डनीय उपबन्धों द्वारा एक समान तथा अनिवार्यतः राष्ट्रीय अपराध बनाने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख) राज्यों से जानकारी एकत्र की जा रही है और उत्तर सभा के पटल पर रख दिया जायेगा।

टेलीफोन निर्देशिका

700. श्री स० चं० सामन्त : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :*

(क) क्या यह सच है कि टेलीफोन निर्देशिका अथवा हिन्दी जानने वाले उन व्यक्तियों को जिनके यहां टेलीफोन लगे हुए हैं इस आशय का एक पत्र लिखा गया था कि यदि उन्होंने यह उत्तर नहीं भेजा कि उनको हिन्दी की निर्देशिका की आवश्यकता है तो उनको अंग्रेजी में छपी निर्देशिका भेजी जायगी ;

(ख) इस आशय का परिपत्र जारी न करने के क्या कारण है कि यदि अंग्रेजी निर्देकिा के लिये विशिष्ट मांगें नहीं की जातीं तो निर्देशिका का हिन्दी संस्करण भेजा जायेगा ;

(ग) कितने प्रतिशत ऐसे व्यक्तियों को जिनके यहां टेलीफोन लगे हुए हैं ऐसे पत्र भेजे गये थे और उनमें से कितने टेलीफोन वाले व्यक्तियों ने उत्तर दिया है; और

(घ) क्या सरकारी कार्यालयों में केवल अंग्रेजी संस्करण भेजा जायेगा अथवा उनको हिन्दी संस्करण भी भेजा जायेगा।

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री, (श्री इ० कु० गुजराल:)

(क) जी हां।

(ख) दिल्ली में टेलीफोन प्रयोक्ताओं को अब तक हमेशा अंग्रेजी में छपी निर्देशिकाएं सप्लाई की जाती रही हैं। विभाग द्वारा पहली बार ही हिन्दी निर्देशिकाएं छापी जा रही हैं। चूंकि हिन्दी निर्देशिकाओं की मांग के संम्बन्ध में निश्चित जानकारी उपलब्ध नहीं थी, इसलिये शुरू में कुल आवश्यकता का 15 प्रतिशत ही हिन्दी में छापने का निर्णय किया गया था। अतः इस आशय का कोई परिपत्र जारी करने का प्रश्न ही नहीं उठता कि अंग्रेजी निर्देशिका के लिये विशिष्ठ मांगें नहीं भेजी गईं तो हिन्दी निर्देशिका ही भेजी जायेगी।

(ग) ये पत्र सभी 60,000 टेलीफोन प्रयोक्ताओं को भेजे गए थे जिनमें से 16,799 से उत्तर प्राप्त हुए हैं।

(घ) डाक-तार विभाग सरकारी कार्यालयों के साथ अन्य टेलीफोन प्रयोक्ताओं जैसा ही व्यवहार कर रहा है।

दिल्ली में सुपर बाजार

*701. श्री राम सिंह अयरवाल : श्री टी० पी० शाह :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में सुपर बाजार की प्रबन्ध समिति का चुनाव किस कसौटी के आधार पर होता है; और

(ख) इन प्रबन्ध समितियों में नाम निर्देशित ऐसे व्यक्तियों के नाम क्या हैं जिन्हें उक्त संस्थाओं के चलाने का पूर्व अनुभव है ?

खाद्य कृषि तथा सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री एम० एस० गु पदस्वामी) :

(क) मनोनीत प्रबन्ध समिति के सदस्य उपभोक्ताओं के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधत्व करते हैं और इसमें वे व्यक्ति शामिल हैं, जो प्रशासनिक, वाणिज्य तथा सहकारी क्षेत्रों का अनुभव रखते हैं।

(ख) चूंकि दिल्ली का सुपर बाजार इस देश में पहला सहकारी उपभोक्ता बहु-विभागी भण्डार स्थापित किया गया था, अतः इसकी प्रबन्ध समिति के सदस्य प्रश्न के (क) भाग के उत्तर में उल्लिखित आधार पर मनोनीत किए गए थे।

Home Guards for Maintaining P. & T. Services as a Result of Strike

†*702. **Shri Hukam Chand Kachwai** : Will the Minister of **Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government requisitioned the services of Home Guard personnel with effect from the 20th September, 1968 to maintain Posts and Telegraphs services, consequent on the strike on the 19th September, 1968;

(b) if so, the number of such personnel and the amount paid to them daily; and

(c) the total amount spent on the said personnel and the number of days for which their services were utilised ?

The Minister of State in the Department of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Yes, Sir. This was done in U, P., Bihar, West Bengal, Madras, Andhra Pradesh, Rajasthan, Madhya Pradesh and Delhi Circles. In some Circles they were employed even prior to the 20th September, 1968.

(b) and (c) : A statement is laid on the Table of the Sabha giving this information. **[Placed in Library. See No. LT.2672/68]**

दूसरा सूती कपड़ा मजूरी बोर्ड

*703. **श्री जार्ज फरनेंडीज :** क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूसरे सूती कपड़ा मजूरी बोर्ड का गठन कब किया गया था तथा इसके सदस्य कौन-कौन हैं;

(ख) मजूरी बोर्ड को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये कितना समय दिया गया था;

(ग) क्या प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है ;

(ग) क्या बोर्ड ने प्रतिवेदन तैयार करने में असाधारण विलम्ब के कारणों को बताया है ; और

(ड) सभी मजूरी बोर्डों के कार्यसंचालन में शीघ्रता लाने के लिये सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री (श्री हाथी) : (क) सूती कपड़ा सम्बन्धी दूसरे मजूरी बोर्ड की नियुक्ति भारत सरकार के संकल्प संख्या वे० ओ०-8 (14) / 63, तारीख 12 अगस्त 1964 द्वारा की गई और इसका गठन निम्नलिखित है :–

अध्यक्ष

श्री भीमसंकरम

स्वतंत्र सदस्य

(i) श्री तुलसी दास एस० जादव ।

(ii) प्रो० एम० बी० देसाई ।

नियोजकों के प्रतिनिधि सदस्य

(i) श्री जी० सी० कोठारी ।

(ii) श्री सुरोत्तम पी० हथीसिंह ।

कर्मचारियों के प्रतिनिधि सदस्य

(i) श्री जी० रामानुजम ।

(ii) श्री ए० एन० बुच ।

(ख) कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई ।

(ग) अभी तक कोई रिपोर्ट प्राप्त नही हुई है परन्तु इसके इस मास से अन्त तक प्राप्त होने की आशा है ।

(घ) बोर्ड को एक मुख्य उद्योग के जटिल मामला का निपटारा करना है और विभिन्न पक्षों के विचारों पर विचार करना है ।

(ङ) इस मामले पर स्थायी श्रम समिति दारा नियुक्त उप-समिति दारा विचार किया जा रहा है ।

देश में खरीफ की फसल

*704. श्री मधु लिमये : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष देश के विभिन्न भागों में खरीफ की फसल (भदायी सहित) की कैसी स्थिति है ।

(ख) विभिन्न राज्यों में राज्य-वार कितने गांवों पर सूखे का प्रभाव पड़ा है ; और

(ग) सरकारी तथा गैर-सरकारी स्तर पर क्या सहायता उपाय किये गये हैं ?

खाद्य, कृषि सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) से (ग) एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है ।

विवरण

18, नवम्बर 1968 को सूखे की स्थिति के बारे में सभा-पटल पर रखे गए वक्तव्य में देश के विभिन्न भागों में खरीफ की स्थिति (भदायी सहित) मुख्य रूप से विवरण में दी गयी है ।

सरकार को प्राप्त नवीनतम जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश, गुजरात, मैसूर, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश ने सूखे ग्रस्त गांवों की संख्या निम्नलिखित है :-

आन्ध्र प्रदेश	18,209
गुजरात	2,079
मैसूर	16,321
राजस्थान	21,542
उत्तर प्रदेश	26,929

18 नवम्बर, 1968 को विवरण के सभा-पटल पर रखे जाने के बाद से पश्चिमी बंगाल सरकार ने सूचना दी है कि पश्चिमी बंगाल में बताने योग्य सूखा नहीं पड़ा है ।

मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के कुछ भागों में सूखे की स्थिति होने की सूचना दी है । मध्य प्रदेश, बिहार हरियाणा और उड़ीसा में जिनको सभा-पटल पर रखे गये विवरण में सूखाग्रस्त राज्यों में शामिल किया गया है, सूखाग्रस्त ग्रामों के बारे में जानकारी अभी एकत्र की जा रही है और एकत्र करने के बाद उसको सभा-पटल पर रखा जायेगा ।

राज्य सरकारों द्वारा आरम्भ किये गये सहायता कार्यों में प्रभावित जनसंख्या को रोजगार देने के लिये सहायता कार्य कारना, पेय जल की सप्लाई का प्रबन्ध करना, सस्ते दामों पर चारे की सप्लाई ढोरों को लिये सुविधायें देना, जनता के कमजोर वर्गों के लिये भोजन की व्यवस्था आदि करना है, ढेरों की सुरक्षा के उपायों को अपनाने और भोजन आदि देने के कार्यक्रमों के आयोजन में कुछ क्षेत्रों में गैर-सरकारी अभिकरण सहायता कर रहें हैं ।

मैसूर राज्य में कृषक फोरम को अनुदान

*705. श्री क० लकप्पा : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार मैसूर राज्य में कृषक फोरम के लिये कोई अनुदान मंजूर करती रही है ;

(ख) यदि हां, तो फोरम के लेखों की कोई लेखा सरकारी परीक्षा की गई है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य कृषि सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे) (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं होते ।

उड़ीसा में खाद्यान्नों तथा व्यापारिक फसलों का उत्पादन

*706. श्री चिन्तामणि पाणिग्रही : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1966-67 और 1967-68 में उड़ीसा में खाद्यानों तथा व्यापारिक फसलों का कितना उत्पादन हुआ था ; और

(ख) 1968-69 में उड़ीसा में उत्पादन बढ़ाने के बारे में क्या प्रस्ताव है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे) :एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 2673/68]

(ख) 1968-69 में उड़ीसा में 5.05 लाख एकड़ क्षेत्र में धान, मक्का, ज्वार, बाजरा और गेहूँ की अधिक उत्पादनशील किस्मों की कृषि का आयोजन था । इसके अति-

रिक्त राज्य में 1968-69 में 5 लाख एकड़ के अतिरिक्त क्षेत्र में एक से अधिक फसल उगा कर बहुउद्देशीय फसलों के कार्यक्रम को आरम्भ करने का प्रस्ताव था, जहां की खरीफ के मौसम में अभी एक ही फसल उत्पन्न की जाती है। जहां तक नकद फसलों का प्रश्न हैं, जूट, काजू और लाख के उत्पादन में वृद्धि और अधिकतम क्षमता वाले क्षेत्रों में लागू करने के लिये केन्द्र द्वारा प्रायोजित आयोजनायें स्वीकृत की गयी हैं। फसलोत्पादन में वृद्धि के लिये अपनायी जाने वाली पैकेज की विधियों की भी सिफाराशि की गई है।

वनस्पति में रंग मिलाना

*707. श्री विश्वनाथ पान्डेय : श्री नारायण रेड्डी :
श्री बाल्मीकि चौधरी :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री 22 अगस्त, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 604 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बनस्पति में रंग मिलाने सम्बन्धी समिति के प्रतिवेदन पर इस बीच विचार कर लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या निर्णय किया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) और (ख) प्रतिवेदन पर अभी भी विचार हो रहा है और उस पर शीघ्र ही निर्णय लिए जाने की आशा है।

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

*708. श्री प्रेम चन्द वर्मा : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड को कब तथा किन उद्देश्यों हेतु स्थापित किया गया था ;

(ख) क्या परियोजना प्रतिवेदनों के अनुसार एक स्थापित करने के तथा उनमें उत्पादन और विकास के लक्ष्य पूरे हो गये हैं और यदि हां, तो कब और कैसे तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या इस निगम की स्थापना में कीई विदेशी सहयोग लिया गया था और यदि हां, तो सहयोग करने वाले देशों के नाम क्या हैं, और सहयोग की शर्तें क्या थीं तथा सहायता के रूप में कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई थी;

(घ) इस समय यह निगम किन उत्पादों का उत्पादन कर रहा है और क्या ये उत्पादन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के हैं ;

(ङ) गत् तीन वर्षों में उत्पादन तथा बिक्री के आंकड़े क्या हैं और इसमें से कितने उत्पादन का निर्यात किया गया; और

(च) क्या निगम के सामने कोई कठिनाइयां हैं और यदि हां, तो सरकार का विचार इनको किस प्रकार दूर करने का है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) :

(क) से (च) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है [पुस्तकालय में रखा गया देखिये । संख्या एल० टी० 2674-68]

हरियाणा में सूखे की स्थिति

* 709. श्री राम कृष्ण गुप्त : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय दल ने सूखे की स्थिति का अनुपात लगाने के लिये हरियाणा राज्य का दौरा किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे) :

(क) और (ख) हरियाणा को सहायता कार्यों के लिये कितनी निधि की आवश्यकता होगी, उसका पता लगाने के लिये शीघ्र ही एक केन्द्रीय दल वहां जाएगा ।

मैसूर राज्य में सूखा

*710 श्री ए० श्री धरन् : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बनाने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष मैसूर राज्य के सूखाग्रस्त क्षेत्र कौन-कौन से थे ;

(ख) क्या मैसूर राज्य में सूखे की स्थिति का अध्ययन करने के लिये कोई केन्द्रीय दल भेजा गया था ;

(ग) यदि हां, तो उस दल के क्या निष्कर्ष थे ; और

(घ) मैसूर राज्य को सहायता अनुदान के रूप में सूखे के लिये सहायता देने के रूप में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ।

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहाकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे) :

(ख) से (घ) : एक विवरण संलग्न हैं ।

विवरण

मैसूर के निम्नलिखित जिलों के भाग सूखाग्रस्त है :—

1. बंगलौर
2. कोलार
3. तुमकुर
4. चित्रदुर्ग

5. शिमोगा
6. मैसूर
7. माण्डया
8. चिकयागालूर
9. हसन
10. कुर्ग
11. बेलगांव
12. बिदार
13. धारवाड़
14. बीजापुर
15. बेल्लारी
16. गुलबर्ग
17. रायचूर

एक केन्द्रीय दल ने सितम्बर, 1968 में मैसूर का दौरा किया था और एक अन्तरिय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था इस प्रतिवेदन के अनुसार मार्च, 1969 के अन्त तक विभिन्न सहायता कार्यों पर लगभग 6.73 करोड़ रुपये व्यय होंगे। राज्य सरकार को अब तक 5.13 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं।

केन्द्रीय दल ने हाल ही में मैसूर के सूखाग्रस्त क्षेत्रों का पुनः दौरा किया है। अन्तिम प्रतिवेदन के शीघ्र ही तैयार हो जाने की संभावना है।

संसद सदस्यों और मंत्रियों को सुविधायें

*711. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** क्या संसद-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संसद् सदस्यों और उनमें से बने मंत्रियों को मिलाने वाली सुविधाओं में भारी अन्तर है ;

(ख) क्या सरकार यह महसूस करती है कि उपरोक्त अन्तर उचित है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार मंत्रियों और संसद् सदस्यों को निःशुल्क मिलने वाली समस्त सुविधाओं को समाप्त करके उनके स्थान पर उन्हें ऐसा अधिक वेतन देने का है जिस पर कर देय हो; और

(घ) यदि कोई भी कार्यवाही करने का विचार नहीं है, तो उपरोक्त दोनों वर्गों के बीच सुविधाओं के मामले में इस बड़े और हमेशा बढ़ने वाले अन्तर को किस प्रकार कम किया जायेगा ?

संसद-कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) :

(क) और (ख) संसद् सदायों को वेतन, भत्ते तथा अन्य सुविधाऐं, संसद् सदस्यों का वेतन तथा भत्ता अधिनियम और उसके अन्तर्गत बने नियमों द्वारा प्रदान की जाती हैं। इसी भांति मंत्रियों को वेतन, भत्ते तथा अन्य सुविधाऐं, मंत्रियों का वेतन तथा भत्ता अधिनियम, उसके अन्तर्गत बने नियमों द्वारा प्रदान की जाती हैं। संसद् सदस्यों तथा मंत्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के अन्तर, मंत्रियों से उत्तरदायित्व को दृष्टिगत रखते हुए अधिक नहीं माना गया है।

(ग) और (घ) मंत्रियों और संसद् सदायों को निःशुल्क दी जाने वाली समस्त सुविधाओं को समाप्त कर उनके स्थान पर ऐसा अधिक वेतन देना जिस पर कर देय हो, ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। फिर भी यह सूचित कर दें कि संसद् सदस्यों का वेतन, भत्ते तथा अन्य सुविधाऐं सम्बन्धी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन जो कि 7 अगस्त, 1968 को सभा-पटल पर रखा गया था, संसद् के समक्ष विधाराधीन है।

Sugar Mills

*712. **Shri Raghuvir Singh Shastri** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the sugar mills have made huge profits after the implementation of the policy of partial control ;

(b) whether all the sugar mills are making payments to the canegrowers in time ;

(c) if not, the action taken by Government to ensure timely payment to the farmers ; and

(d) whether Government propose to take action to reduce the price of sugar by exercising control over the profits of the sugar mills ;

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde) :

(a) The profits made by the sugar factories depend upon the cost of production of sugar which, in turn, depends on several factors, like the cost of sugarcane, actual recovery, duration of the crushing, cost of stores, salaries and wages, depreciation, maintenance and repairs, other overheads and return on capital employed. As different factories paid different prices for sugarcane, the cost of production and profitability will vary from factory to factory. The profitability of factories will also depend on the realisation from sugar sold by them in the free market, which will vary from factory to factory. In the circumstances, it is likely that some factories made large profits and ethers made less profits.

(b) No, Sir.

(c) The State Governments have been asked from time to time to take stringent measures, including prosecutions, to ensure clearance of arrears of cane price by sugar factories in their States.

(d) Government fixes ex-factory prices of sugar only for such portion of the production as is requisitioned by it for controlled distribution. Such price is fixed on the basis of the schedules of cost recommended by the Sugar Enquiry Commission. Such price includes return on capital employed, as recommended by the Sugar Enquiry Commission.

उरूग्वे के लिये गन्ने के तकनीशन

*713. श्री रवि राय : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उरूग्वे में गन्ने की बुआई और सफाई सम्बन्धी समस्याओं को हल करने के लिये भारत ने अपने तकनीशनों को वहां भेजना स्वीकार कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारि मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) जी हां।

(ख) ब्यौरा तैयार किया जा रहा है।

Labourers in Rural Areas

*714. **Shri Om Prakash Tyagi** : Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether Government have tried to ascertain tbe number of labourers working in the rural areas as also their living conditions ;

(b) if so, their number and conditions in which they live ; and

(c) the measures adopted or proposed to be adopted to safeguard the interest of the labourers in the rural areas ?

The Ministsr of Labour and Rehabilitation (Shri Hathi) :

(a) and (b) The First Agricultural Labaur Enquiry was conducted in 1950-51 and its report has been published in 1954. The second Agricultural Labour Enquiry was conducted in 1956-57 and its report was published in 1960. A third enquiry called the Rural Labour Enquiry was done partly (income and expenditure) in 1963-64 and partly (employment, unemployment and earnings) in 1965. The Indian Statistical Institute which was entrusted with the tabulation and report writing af the first part is understood to have completed the work and the report is expected to be released shortly. The tabulation of the results of the second part is in progress in the Labour Bureau, Simla. Detailed particulars regarding numbers, living conditions etc. relating to each period will be available in the published reports relating to the period.

(c) The measures adopted or proposed to be adopted to safeguatd the interests of the labourers in the rural areas are indicated by the Planning Commission in the various Plan documents. The labourers in the rural areas benefit from the general development measures intended to improve economic conditions in the rural areas. They also derive some benefit from special schemes intended for backward classes and Scheduled Castes and Tribes. Minimum wages for agricultural labour are fixed by State Governments under the Minimum Waage Act.

पश्चिमी बंगाल में मध्यावधि मतदान

*715. श्री ज्योतिर्मय बसु : क्या विधि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिमी बंगाल में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मध्यावधि मतदान कराने के लिये सरकार ने यदि कोई उपाय किये हैं तो वे क्या हैं ;

(ख) क्या उन्हें पश्चिम बंगाल सरकार के कई अधिकारियों के विरुद्ध जिन में आसनसोल के सब-डिवीजनल आफिसर भी हैं, कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि माध्यवधि मतदान से सम्बन्धित मामलों में ये अधिकारी किसी राजनैतिक दल विशेष का लगभग खुले रूप से पक्ष ले रहे हैं;

(ग) क्या सरकार ने इन शिकायतों की कोई जांच की है और यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है;

(घ) क्या पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों को कड़ी हिदायतें भेजी गई हैं कि वे माध्यावधि मतदान के सम्बन्ध में राजनीति से अलग रहें ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विधि मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) :

(क) निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रचार और अभियान के दौरान एक न्यूनतम आचार संहिता के पालन के लिए राजनीतिक दलों को एक अपील जारी की है। उस की एक प्रति सदन के पटल पर रख दी गई है (उपाबंध "क") [पुस्तकालय में रखा गया। [देखिये संख्या एल० टी० 2675/68]

(ख) और (ग) कुल मिला कर, पांच परिवाद प्राप्त हुए हैं। परिवादों और की गई कार्रवाई के ब्यौरे दर्शित करने वाला विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

(घ) जी हां।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता।

आन्ध्र प्रदेश में चावल की मिलें

*716. **श्री गाडिलिंगन गौड :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आन्ध्र प्रदेश में चावल मिलों की स्थापना के हेतु राज्य सरकार को ऋण दिये हैं।

(ख) कुल कितनी राशि दी गयी है और यह कितनी चावल मिलों की स्थापना के लिए दी गई है;

(ग) कितने मिलों में कार्य आरम्भ हो गया है ; और

(घ) यदि बड़ी संख्या में मिलें अभी चालू नहीं हुईं तो इसके क्या कारण हैं और सरकार ने उन्हें शीघ्र चालू करने की दिशा में क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी):

(क) राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने आध्र प्रदेश सरकार को राज्य में सहकारी चावल मिलों की स्थापना करने के लिए ऋणों के रूप में वित्तीय सहायता दी है।

(ख) केन्द्रीय साहाय्यित योजना स्कीमों तथा निगम द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत 143 सरकारी चावल मिलों की स्थापना के लिए 242.933 लाख रुपए की कुल राशि दी गई है।

(ग) 143 साहाय्यित सहकारी चावल मिलों में से 122 पूर्ण रूप से स्थापित कर दी गई हैं, जिनमें से 95 ने काम करना शुरू कर दिया है ।

(घ) स्थापित की गई 122 चावल मिलों में से केवल 27 ने पावर कनेक्शन्स के अभाव में अभी काम करना आरम्भ नहीं किया है। इस बारे में राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने लिए अर्द्ध सरकारी रूप से लिखा गया था कि इन यूनिटों को जल्दी से पावर कनेक्शन्स दिए जाएं।

बिना सिंचायी की खेती

717. श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय कृषि वैज्ञानिकों की यह राय है कि मिट्टी तथा नमी उचित मात्रा में बनाये रख कर यह सम्भव होगा कि बिना सिंचाई के खेती करने की योजनायें बनाई जायें ;

(ख) इस समय खेती योग्य कुल कितने क्षेत्र पर वर्षा नहीं होती ; और

(ग) क्या इस बारे में कोई ठोस अनुमान लगाया गया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) जी हां ।

(ख) सभी कृषि गत क्षेत्रों में कुछ न कुछ वर्षा होती ही है, प्रश्न केवल इसकी मात्रा एवं आवृति का है ।

(ग) उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर कुल बोया गया लगभग 468.60 लाख हैक्टेएर क्षेत्र अल्प वर्षा वाली श्रेणी में आता है जहां कि वार्षिक वर्ष की मात्रा 750 एम एम से भी कम होती है।

Bonus to Workers of Manganese and Iron Ore Mines

*718. **Shri Ramavatar Shastri** : Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whother it is a fact that the Minister of Steel, Mines and Metals has opposed the proposal regarding giving bonus to the workers of Manganese and Iron ore mines ;

(b) if so the reasons therefor ; and

(c) the reaction of Government thereto ?

The Minister of Labour and Rehabilitation (Shri Hathi) :

(a) The reference is perhaps to the question of grant of attendance bonus, which the Ministry of Mines and Metals have not favoured.

(b) The reasons advanced are as follows :

(i) Both Iron ore and mangapese being major export industries, an increase in production costs would adversely affect the demand and it is not desirable to burden them with additional cost of production, especially when the Payment

of Bonus Act, 1965 has already imposed a liability on the employers to pay a minimum bonus of 4% of wages irrespective of profits.

(ii) Due to recent mechanisation of the Iron ore and Manganese Mines and employment of highly skilled technicians with bigher wages and better prospects in service, labour force in these industries are mostly stable and as such introduction of an attendance Bonus Scheme as an incentive for regularity in attendance in these industries is not considered necessary.

(c) The question of framing an Attendance Bonus Scheme for Manganese, Iron-ore and Mica Mines was considered by the Industrial Committee on Mines other than Coal at its Fifth Session held on 7th November, 1968, when it was agreed that the views of workers and employers Organistions should be obtained before a decision is taken. Further action is being taken accordingly.

Special Areas Due to the Economic and Other Reasons

*719. **Shri Kushok Bakula** : Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) the basis on which any area is declared as a "Special Area" due to economic and other reasons; and

(b) the names of the areas in the country declared as 'Special Areas" so far and the respective dates on which they were so declared ?

The Deputy Minister in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri D. R. Chavan) :

(a) Economic under-development, potential of future development, low density of population and economic viability are the main factors which are taken into consideration in selecting "Special Areas"

(b) The following two areas have been declared as "Special Areas" so far :

(1) Union Territory of Andaman and Nicobar Islands indicated as a "Special Area" on the 25th August, 1964.

(2) The District of Chanda in the Maharshtra State indicated as a "Special Area" on the 16th November, 1967.

मनीपुर में न्यूनतम मजूरी सम्बन्धी सलाहकार बोर्ड

*720. **श्री मेवचन्द्र** : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या मनीपुर सरकार ने मजूरी की न्यूनतम दरों को निश्चित करने तथा उनमें पुनरीक्षण करने के मामले में परामर्श देने के उद्देश्य से एक सलाहकार बोर्ड बनाया है ;

(ख) यदि हां, तो इसमें प्रतिनिधित्व का स्वरूप तथा आधार क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उस बोर्ड में उक्त प्रतिनिधित्व के बारे में विभिन्न स्थानीय मजूर संघों से परामर्श किया है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और प्रतिनिधित्व करने वाले अनेक मजूर संघों को इससे बाहर रखने तथा पन-बिजली विभाग के निष्प्रभावी संघ को इसमें शामिल करने के क्या कारण हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) बोर्ड में स्वतंत्र सदस्यों के अलावा नियोजकों, कर्मचारियों और सरकार के प्रतिनिधि शमिल हैं ।

(ग) और (घ) मनीपुर प्रसाशन ने सूचित किया है कि अप्रैल, 1966 में, जब कि शुरू में बोर्ड बनाया गया था. सरकारी विभागों में केवल पांच स्थानीय मजदूर संघ थे और सभी संघों के प्रतिनिधियों को बोर्ड में शामिल किया गया था; अतः उनसे परामर्श करने का प्रश्न नहीं उठा। जहां तक हाइड्रो इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट के यूनियन के प्रतिनिधि को शामिल करने का सवाल है, भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 की धारा 10 और मनीपुर ट्रेड यूनियन विनियमन के विनियम 111 के अधीन यूनियन को 28 नवम्बर, 1968 को 'कारण बताओ नोटिस' दिया गया है; अभी तक नोटिस की अवधि समाप्त नहीं हुई है।

चलती फिरती मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाएं

श्री रा० को० अमीन :

4201· श्री हेमराज : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार का विचार ग्रामीण क्षेत्रों में चलती-फिरती प्रयोगशालाएं स्थापित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो वे कब तक तथा किन राज्यों या संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित की जायेंगी ?

खाद्य, कृषि, तथा सामुदायिक विकासतथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे) :

(क) और (ख) भारत सरकार 34 चलती फिरती मृतिका परीक्षण प्रयोगशालाये· बनवा रही हैं, जिनमें से प्रत्येक की वार्षिक क्षमता 16,000 से 20 000 मिट्टी के नमूनों के विश्लेषण करने की होगी। ये विभिन्न राज्यों और केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों को अलाट कर दी जायेंगी जहां, इन्हें मौजूदा प्रामाणिक अचल प्रयोगशालाओं से संलग्न कर दिया जायेगा, जैसे कि नीचे बताया गया है :—

राज्य जिसे कि चलती फिरती मृतिका परीक्षण प्रयोगशाला अलाट की गई है।	अलाट हुई चलती फिरती मृतिका परीक्षण प्रयोगशाला की इकाइयों की संख्या।	मौजूदा स्टेंडर्ड अचल प्रयोगशालाओं का विवरण जिनसे इन्हें संलग्न किया गया है ।
1.	2.	3.
1. आंध्र प्रदेश	3	टाडीपालीगुदम हैद्राबाद वापाटला

2. आसाम	2	सिलचार
		जौरहाट
3. बिहार	3	अराह
		सावौर
		हज़ारीबाग
4. गुजरात	2	जूनागढ़
		बड़दौली
5. मध्य प्रदेश	3	ग्वालियर
		जब्बलपुर
		रायपुर
6. केरल	3	ट्रीवन्ड्राम
		एलेप
		पिताम्वी
7. मद्रास	3	कौम्बाटूर
		आदूताराये
		नीलगीरीस
8. महाराष्ट्र	2	नागपुर
		पूना
9. मैसूर	1	बंगलौर
10. उड़ीसा	1	सम्बलपुर
11. पंजाब	1	लुधियाना
12. हरियाणा	1	करनाल
13. राजस्थान	1	जोधपुर
14. उत्तर प्रदेश	2	कानपुर
		अलीगढ़
15. पश्चिम बंगाल	2	कलकत्ता
		वर्दवान
16. त्रिपुरा	1	अग्रताला
17. हिमाचल प्रदेश	1	मंडी
98. भारतीय उर्वरक निगम (ट्रामवे एक्क)	1	पालमपुर ट्रामवे

ये प्रयोगशालायें ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कृषकों के खेतों की मिट्टी के नमूनों का परीक्षण तत्काल वहीं पर करके मिट्टी परीक्षण के परिणामों के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग के सम्बन्ध में सिफारिशें करेंगी। चलती-फिरती मृतिका परीक्षण प्रयोगशालायें उन स्टेंडर्ड अचल प्रयोगशालाओं के संरक्षण और देख-रेख में कार्य करेंगी जिनसे कि वे संलग्न होंगी।

इन प्रयोगशालाओं के चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक तैयार हो जाने की आशा है, और उसके उपरान्त वे राज्यों को अलाट कर दी जायेंगी ।

कांगड़ा जिले में आटा मिल

4202. श्री हेमराज : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कांगड़ा जिले में स्थापित किये जाने के लिए जिन आटा मिलों की हिमाचल प्रदेश सरकार से सिफारिश की थी उनकी मंजूरी सरकार ने दे दी है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इस बारे में अब क्या स्थिति है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख) कांगड़ा जिले में छोटे पैमाने के क्षेत्र में एक आटा मिल स्थापित करने के लिए अनुमति प्रदान करने हेतु हिमालय प्रदेश सरकार की सिफारिश स्वीकार कर ली गई है ।

Allocation of Funds to Madhya Pradesh Government for Constructioa of Houses

4203. **Shri Nathu Ram Ahirwar :** Will the Minister of **Social Welfare** be pleased to state :

(a) the funds allotted to Madhya Pradesh Government under the Central Scheme for the construction of houses for Scheduled Castes and Scheduled Tribes for the year 1968-69 ; and

(b) whether these funds are less than those allotted during the last year ?

The Minister of State in the Department of social Welfare (Dr. (Smt.) Phulrenu Guha) :

(a) Rs. 1.44 lakhs was allotted for the composite scheme of improvement in the living and working conditions of sweepers and scavengers.

(b) No, Sir.

Post Offices in rented buildings in Rajasthan

†4204. **Shri Meetha Lal Meena :** Will the Minister of **Communications** be pleased to state :

(a) the number of post offices, sub post-offices, telegraph offices and telephone exchanges which are at present functioning in rented buildings in Rajasthan ;

(b) the amount of rent paid annually by Government for the said buildings ; and

(e) the action taken or proposed to be taken for providing Government buildings to them ?

The Minister of State in the Department of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I.K. Gujral) :

(a) No. of Head Post Offices.....3
Sub Offices.....590
Branch Offices.....9

Telegraph Offices.....4
Telephone exchanges.....118

(b) about Rs. 3,77,000/—

(c) 6 post offices buildings are under construction. Construction of 22 post office buildings and 2 telephone exchange buildings has been entrusted to either State PWD or P &T Civil Wing. Proposals for construction of 5 post office buildings and 3 telephone exchange buildings and 2 departmental telegraph office buildings are under examination.

Proposal for purchase of 10 State PWD buildings for post offices is also under consideration.

बेकार ढोरों की संख्या

4205. **श्री बाबू राव पटेल :** क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में बेकार ढोरों की संख्या लगभग कितनी है जिससे हमारी अर्थ–व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ;

(ख) बेकार ढोरों को नष्ट करने अथवा बधिया करने अथवा अलग रखने के लिए सरकार द्वारा विशिष्ट कार्यवाही की गई है और 1967–68 में कितने ढोरों को खत्म किया गया अथवा बधिया किया गया अथवा रखा गया है ; और

(ग) देश में कितने तथा किन-किन स्थानों पर गोसदन केन्द्र स्थापित किये गये हैं और प्रत्येक केन्द्र में कितने ढोरों को रखा गया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) देश में बेकार गायों का पता लगाने के लिये कोई नियमित क्रमबद्ध सर्वेक्षण नहीं किया गया। फिर भी 1947 में भारत सरकार द्वारा स्थापित कैटल प्रीजरवेशन एण्ड डवैल्पमैंट कमेटी ने अनुमान लगाया कि देश की गौ-आबादी का लगभग 8 प्रतिशत अनुत्पादक है और 2 प्रतिशत सेवा के आयोग्य है और अधिक हाल के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) निकम्मे सांड/अन्य सेवा के अयोग्य युवा बछड़ों के बधियाकरण का कार्य राज्य पशुपालन विभागों द्वारा किया जा रहा है। तीसरी पंचवर्षीय योजना में देश में बधियाकरण के कार्य को तेज करने के बिचार से राज्यों द्वारा सामूहिक बधियाकरण की योजना भी शुरू की गई। 1967-68 में बधिया किये गये पशुओं की संख्या राज्यों से इकट्ठी की जा रही है।

दूरपूर्व बन क्षेत्रों में गोसदन केन्द्रों की स्थापना की गई है जिससे कि बूढ़े, अयोग्य तथा अनोत्पादक ढोरों को ऐसे क्षेत्रों से अलग किया जा सके जहाँ कि ढोर विकास कार्य सक्रिय रूप से किया जा रहा है।

1967–68 में ऐसे गोसदनों से जिनकी जानकारी प्राप्त हो गई है कुल 22379 ढोर अलग किये गये। सरकार ने अयोग्य ढोरों को नष्ट करने के लिये कोई कदम नहीं उठाए।

(ग) देश में कुल 79 गोसदन स्थापित किये गये हैं। इन गोसदनों के स्थान और प्रत्येक

केन्द्र से अलग किये गये ढोरों की संख्या को प्रदर्शित करने वाला विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 2651/68]

पांडीचेरी की मिलों की ओर भविष्य निधि की बकाया राशि

4206. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या यह सच है कि पांडीचेरी की तीन मिलों अर्थात् एंगलो फ्रेंच टैक्सटाइस लिमिटेड, स्वदेशी काटन मिल्स तथा श्री भारतीय मिल्स लिमिटेड ने प्राय: 7.39 लाख रुपये, 15.14 लाख रुपये तथा 12.58 लाख रुपये की भविष्य निधि का भुगतान नहीं किया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि मिलों के निदेशकों तथा भविष्य निधि के अधिकारियों के बीच सांठगांठ के कारण ही यह बकाया राशि पड़ी रह गई थी ;

(ग) बकाया राशि को वसूल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है और कितनी राशि वसूल की गई है ; और

(घ) निदेशकों तथा भविष्य निधि के अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही न करने के क्या कारण हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां, 31-5-1968 को लेकिन स्वदेशी काटन मिल्स और भारती मिल्स की ओर क्रमश: 15.41 लाख रु० और 12.36 लाख रु० की राशियाँ बकाया थीं ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) और (घ) उपरोक्त भाग (क) में उल्लिखित बकाया राशियों में से निम्न राशियां वसूल की जा चुकी हैं :—

(i) एंग्लों फ्रेंच टैक्सटाइल लि०--1.42 लाख रु० ।

(ii) स्वदेशी काटन मिल्स--0.63 लाख रु० ।

(iii) श्री भारती मिल्स लि० कुछ नहीं ।

पांडीचेरी प्रशासन को श्री भारती मिल्स लि० के बारे में भू-राजस्व वसूली अधिनियम के अन्तर्गत अदालती कार्यवाही करने की मंजूरी देते के लिये लिखा गया है ।

अन्य दो मिलों के सम्बन्ध में बकाया राशि किश्तों द्वारा चुकवाने के कुछ प्रस्ताव विचाराधीन हैं ।

दिल्ली दुग्ध योजना

4207. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दुग्ध योजना किस तारीख को शुरू की गई थी तथा इसमें अब तक कुल कितनी पूंजी लगाई गई है ;

(ख) योजना किस-किस प्रकार का दूध बेचती है तथा इस दूध में कान-कौन से तत्व कितने-कितने होते हैं और इसका प्रति लीटर मूल्य क्या है ;

(ग) इसमें कितने व्यक्ति तथा महिलाएँ काम करती हैं ;

(घ) क्या मुरादाबाद में ढोर पालन केन्द्र स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा 3.13 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है ;

(ङ) यदि हां, तो केन्द्र की स्थापना में विलम्ब के क्या कारण है ; और

(च) पिछले दो वर्षों में कितने तथा किस-किस प्रकार के ढोर खरीदे गये हैं तथा उन पर कितनी लागत आई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) दिल्ली दुग्ध योजना ने 1 नवम्बर सन् 1959 से कार्य करना प्रारम्भ किया। 31 मार्च, 1968 तक दिल्ली दुग्ध योजना पर कुल लागत निम्न प्रकार है :—

(i) संयन्त्र और उपस्कर	271.55 लाख रुपये
(ii) इमारत और वातानुकूलन	100.97 लाख रुपये
	372. 52 लाख रुपये

(ख) दिल्ली दुग्ध योजना निम्न किस्म का दूध बेचती है :—

दूध की किस्म	बनावट	कीमत प्रति लिटर
मानकीकृत दूध	0.5 प्रतिशत चिकनाई तथा 8.5 प्रतिशत (एस. एन. एफ.) चिकनाई छोड़ कर अन्य तत्व	रु० 1.04 पैसे
गाय का दूध	कम से कम 3.5 प्रतिशत चिकनाई 8.5 प्रतिशत एस. एन. एस.	रु० 1.04 पैसे
डबल टोन्ड दूध	1.5 प्रतिशत चिकनाई तथा 1 प्रतिशत एस. एन. एफ.	रु० 0.50 पैसे
टोन्ड दूध	3 प्रतिशत चिकनाई तथा 8.5 प्रतिशत एस. एन. एफ.	रु० 0.74 पैसे

(ग) दिल्ली दुग्ध योजना में काम करने वाले पुरुष तथा स्त्री कर्मचारियों की संख्या निम्नलिखित है :—

	नियमित कर्मचारी	अतिरिक्त में डिपुओं पर काम करने वाले कर्मचारी
पुरुषों की संख्या	1789	766
स्त्रियों की संख्या	48	1258

(घ) जी नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं होता ।

(च) प्रश्न नहीं होता ।

Financial Aid to Social Organisations for Development of Backward Areas

4208. **Shri J. B. S. Bist** : Will the Minister of **Social Welfare** be pleased to state :

(a) whether Government give financial assistance to the social orgnisations working for the development of backward areas ;

(b) if so, the names of organisations to which the assistance is given ;

(c) whether Government would give financial assistance to such social organsations of all the eight hill districts of Uttar Pradesh which are established and registered in Delhi ;

(d) if so, the time from which such assistance would be given ; and

(e) if not, whether Government would make suitable arrangements for giving encouragement to such social organisations in order to ensure their proper functioning ?

The Minister of State in the Department of Social Welfare (Dr. (SMT.) Phulrenu Guha) :

(a) The Government of India normally give grants-in-aid to non-official organisations of an all-India character working for the welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other backward classes as well as to social welfare organisations.

(b) A list of such organisations is laid on the Table of the House **[Placed in Library. See No. LT. 2652/68]**

(c) to (e) Requests from fresh eligible organisations can be considered subject to the availability of funds.

Tribal Townships in Madhya Pradesh

4209. **Shri G. C. Dixit** : Will the Minister of **Social Welfare** be pleased to state :

(a) whether Government propose to create tribal townships in Madhya Pradesh like other States : and

(b) if so, the full details thereof ?

The Minister of State in The Department of Social welfare (Dr. (Smt.) Phulrenu Guha)

(a) No, Sir.

(b) Does not arite.

Preservation of Jack Tree at National Monument in Kerala State

त्रिपुरा में ग्रामीणों की ऋणग्रस्तता

4210. **श्री किरित विक्रम देव वर्मन** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास त्रिपुरा में ग्रामीण ऋणग्रस्तता के बारे में कोई नवीनतम आंकड़े हैं ;

(ख) यदि हां, तो त्रिपुरा में कितने प्रतिशत ग्रामीण ऋणगस्त हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या यह पता लगाने के लिये कि उस क्षेत्र में ऋणग्रस्तता की समस्या वास्तव में कितनी गम्भीर है कोई सर्वेक्षण कराया जा रहा है ; और यदि हां, तो कब और किस के द्वारा ?

We are not bound to aceept the claim of Nepal but if it is a fact that 2,000 bighas of land was so far under the administrative control of Nepal, it was essential to apprise the House of this position. Earlier the House was kept in dark about Aksai Chin, Kutch and Kachhatibu. The House should be given full details about the matter and there should be no attempt to mislead the House.

The Minister of Parliamentary Affairs and Communications (Dr. Ram Subhag Singh) : There is no question of either misleading the House or keeping it in the dark. But if you allow we can make enquiries and make a statement at 14.30 hours in the afternoon.

आवश्यक सेवाएं बनाये रखने के अध्यादेश के बारे में संविहित संकल्प तथा आवश्यक सेवाएं बनाये रखने का विधेयक

STATUTORY RESOLUTION RE : ESSENTIAL SERVICES MAINTENANCE ORDINANCE AND ESSENTIAL SERVICES MAINTENANCE BILL—CONTD.

श्री स० मो० बनर्जी : मेरा नियम 340 के अन्तर्गत प्रस्ताव है कि अन्य आवश्यक सेवाएं बनाए रखने के विधेयक पर चर्चा स्थगित कर दी जाये मैं इसके कारण बताता हूँ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं इसे सीधे सभा के मतदान के लिये रखूंगा।

श्री उमानाथ (पुद्दूकोटै) : सभा के कारण मालूम होने चाहिए ताकि हम इसका विरोध अथवा समर्थन कर सकें।

उत्तर प्रदेश में शिक्षकों की गिरफ्तारी और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थिति के बारे में

RE : ARREST OF TEACHERS IN U. P. AND SITUATION IN BANARAS HINDU UNIVERSITY

श्री स० मो० बनर्जी : मैं विधेयक के बारे में कुछ नहीं कह रहा हूँ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के बारे में भी अनुमति नहीं दूंगा।

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : कोई भी प्रस्ताव आप की अनुमति के बिना सभा में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है अन्यथा नहीं।

उपाध्यक्ष महोदय : न तो उन्होंने इसकी सूचना दी है और न ही मैंने अनुमति दी है। मैं जानना चाहता हूं कि वे क्या विषय उठाना चाहते हैं।

श्री स० मो० बनर्जी : में चर्चा इसलिये स्थगित करना चाहता हूँ क्योंकि उत्तर प्रदेश में, जहां राष्ट्रपति का शासन है, उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के 3,000 शिक्षकों को जेलों में डाल दिया गया है। दूसरे सदन में इस पर चर्चा हो चुकी है।

Shri George Fernandes : Mr. Deputy Speaker, Sir, it is a very serious matter. It should be discussed to-day.

श्री स० मो० बनर्जी : स्थगन प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी गई हालांकि उसकी ग्राह्यता की सभी शर्तें पूरी होती हैं। उत्तर प्रदेश में कोई विधान सभा नहीं है। राज्यपाल तानाशाह बन गये हैं। उत्तर प्रदेश में सभी शिक्षा संस्थायें बन्द हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : यह कोई तरीका नहीं है। मैं आपको अनुमति नहीं दे रहा हूँ।

श्री वासुदेव नायर (पोरमाडे) : केन्द्र के अधीन राज्य में 3,500 शिक्षकों का जेल भेजा जाना एक गम्भीर मामला है जिस पर इस सभा को विचार करना चाहिए। क्या 3,500 शिक्षकों का जेल जाना स्थगन प्रस्ताव ग्राह्य किये जाने के लिये पर्याप्त नहीं है ? हम जानना चाहेंगे कि नियम क्या हैं ?

उपाध्यक्ष महोदय : हम यहां पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। कल भी कुछ सदस्यों ने इसका उल्लेख किया था। मैंने स्पष्ट कर दिया था कि कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी और मैं उसमें विश्वविद्यलय के प्रश्न और इस प्रश्न को उठाने की अनुमति दूँगा, यहां पर नहीं।

Shri Atal Bihari Vajpayee (Balrampur) : When the Minister of State in the Ministry of Education made a statement there the other day about the strike by teachers in U. P. and informed the House that the matter will be discussed between the teachers and the Governor of U. P., it was suggested that all the arrested teachers should be released to create a proper atmosphere for holding the talks. Proper atmosphere has not been created. In what other way we should raise this matter ?

Shri Rabi Ray (Puri) : Please allow a discussion on teachers to-day itself.

श्री स० मो बनर्जी : अध्यापिकाओं को गिरफ्तार किया गया है। उसकी नाड़ियां खींची गई हैं।

Shri George Fernandes : It is a very serious matter. The teachers are being put with third class convicts.

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : कार्य-मंत्रणा समिति में तब ही विचार हो सकता है जब कि सरकार इन दोनों प्रश्नों पर चर्चा करने का प्रस्ताव रखती है। तब ही आप समय देंगे। क्या सरकार इन पर शीघ्र चर्चा करने के लिये तैयार है ?

Shri Rabi Ray : This questeion is not there on the agenda of the Business Advisory Committee. Let Dr. Ram Subhag Singh say that he will allot time for it.

Shri Sheo Narain : We have full sympathy with the teachers.

संसद-कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के बारे में शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री एक वक्तव्य सभा-पटल पर रख चुके हैं। हम इस बारे में आपस में बातचीत करके उपाध्यक्ष महोदय को 4 बजे तक अपना निर्णय बता देंगे।

उपाध्यक्ष महोद : श्री द्विवेदी जानना चाहते थे कि क्या वे इस पर चर्चा करने के लिये तैयार हैं। वे इसके लिये तैयार हैं। अब हमें आगे कार्यवाही चलने देनी चाहिये।

[अन्तर्बाधा]

उपाध्यक्ष महोदय : कार्यवाही के वृतान्त में इस बारे में कोई बात अब सम्मिलित नहीं की जायेगी।

[अन्तर्बाधा]*

उपाध्यक्ष महोदय : श्री प्रकाशवीर शास्त्री को मेरा सुझाव है कि वे कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक में भाग लें। यदि उन्हें इसके अतिरिक्त कोई अन्य बात कहनी है, तो मैं सुनने के लिये तैयार हूँ।

Shri Prakash Vir Shastri (Hapur) : Sir, to-day is 12th day of this month and the representatives of teachers are going to have talks with Governor of U. P. So I request that a statement on behalf of Government should be made in respect thereof. If teachers are not satisfied with the talks then this matter should be taken up for discussion tomorrow.

उपाध्यक्ष महोदय : डा० राम सुभग सिंह ने आश्वासन दिया है कि वह शिक्षा मंत्री से मिल कर नवीनम स्थिति से अवगत होंगे। डा०राम सुभग सिंह भी आप की बात से सहमत होंगे। अब सभा का कार्य लिया जाये।

Shri Sheo Narain (Basti) : Sir, I request that Dr. Ram Subhag Singh should pursuade the Home Minister to contact the Governor in person and make a statement in the House at 4 P. M. today.

Shri Randhir Singh (Rohtak) : They are talking about teachers. But I would like to draw your attention to the agitation of farmers to have the prices of sugarcane increased. Hundreds of farmers are being arrested. State Government should be served with the instructions not to arrest farmers in this connection.

उपाध्यक्ष महोदय : किसानों की गिरफ्तारी की समस्या को भी लिया जायेगा।

Shri G. B. Kripalani (Guna) : Sir, I have personal grievance. We cannot allow anything that goes on like this.

उपाध्यक्ष महोदय : आचार्य जी की शिकायत ठीक है। सभा में सभी ओर से शोर मचाया जाता है और कार्यवाही में बाधा डाली जाती है। मैं श्री वाजपेयी, श्री बनर्जी तथा अन्य लोगों से यह कहना चाहता हूँ कि यदि सभा में व्यवस्था बनी रहेगी तो कार्यवाही वृतान्त में सम्मलित न करने सम्बन्धी आदेश को उठा लिया जायेगा। अन्यथा वह आदेश लागू रहेगा और कार्यवाही में बाधक सिद्ध होने वाले वक्तव्यों को कार्यवाही वृतान्त में सम्मलित नहीं किया जायगा।

*कार्यवाही के वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं की गई।

Not recorded.

आवाश्यक सेवाएं बनाये रखने के अध्यादेश के बारे में संविहित संकल्प तथा आवश्यक सेवाएं बनाये रखने का विधेयक—जारी

STATUTORY RESOLUTION RE : ESSENTIAL SERVICES MAINTENANCE ORDINANCE AND ESSENTIAL SERVICES MAINTENANCE BILL—CONTD.

अध्यक्ष महोदय : अब श्री चं० चु० देसाई ....

श्री चं० चु० देसाई (साबरकंठा) उपाध्यक्ष महोदय,.....

श्री श्रीनिवास मिश्र (कटक) : मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि जिन दो बातों के बारे में आपत्ति उठायी गई है, उसके बारे में आप अपना निर्णय पहले दें।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं निर्णय बाद में दूंगा।

श्री सुरेन्द्रलाल द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : चर्चा शुरू होने से पूर्व आपको अपना निर्णय देना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय : जिन दो व्यवस्था के प्रश्नों पर निर्णय नहीं दिया गया था, मैं उन पर अब निर्णय देता हूँ। जहां तक वित्तीय ज्ञापन सम्बन्धी आपत्ति का सम्बन्ध है, मेरे विचार से वह ठीक नहीं है। इस विधेयक के पास होने पर यदि परिस्थिति पैदा हुई तो यह लागू होगा। दूसरे इसे लागू करने के लिये कोई विशेष मशीनरी स्थापित नहीं की जायेगी। शान्ति और व्यवस्था बनाये रखने वाली साधारण पुलिस आदि ही इसके लिये भी काम करेगी। अतः इसमें कोई अतिरिक्त खर्च नहीं है और इसलिये इसके लिये वित्तीय ज्ञापन की आवश्यकता नहीं है।

श्री श्रीनिवास मिश्र : मंत्री महोदय ने स्वयं ही स्वीकार किया है कि इसमें कुछ खर्च भी होगा।

श्री दत्तात्रय कुन्टे (कोलाबा) : मेरा यह निवेदन है कि इस अधिनियम के परिणाम-स्वरूप कुछ खर्च अवश्य होगा। अनेक कर्मचारियों को मुअत्तल किया गया है, अनेक कर्मचारियों को आराप-पत्र दिया गये हैं। अतः खर्च तो होगा ही।

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने मंत्री महोदय का वक्तव्य देख लिया है। बन्दियों के रखने आदि पर जो खर्च होता है, वह तो जेल अधिनियम या जेल नियमों के अनुसार किया जाता है। मन्त्री महोदय को इस खर्च का जिक्र ही नहीं करना था। मेरा निर्णय यह है कि उसके लिये वित्तीय ज्ञापन की आवश्यकता नहीं है।

श्री हेम बरुआ (मंगलदायी) : आपने तो एक विषम स्थिति उत्पन्न कर दी। मन्त्री महोदय कहते हैं कि खर्च होगा और आप कह रहे हैं कि खर्च नहीं होगा।

Shri George Fernandes (Bombay South) : In case of Union Territories, the Central Government will have to bear the expenditure.

उपाध्यक्ष महोदय : वह बात समाप्त होती है। अब मैं शक्तियों के प्रत्ययोजन की बात लेता हूँ। श्री मधु लिमये का कहना है कि इसके माध्यम से असाधारण शक्तियां दी जा रही हैं। कुछ उपबन्धों में निश्चय रूप से संदेह होता है। उपबन्धों में यह स्पष्ट नहीं है कि कौन-कौन सी सेवाएँ अनिवार्य मानी जायेंगी। खंड 2 (1) (क) (9) मुझे भी अस्पष्ट और अपूर्ण दिखायी देता है। परन्तु कार्यपालिका को विधायनी शक्तियां देने की एक प्रक्रिया है।

Shri Madhu Limaye : But will the Rule 70 remain suspended ? Sir, you are also satisfied that it is abnormal.

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य ने नियम 70 की बात कही है। उस नियम में यह व्यवस्था है कि जिस विधेयक में विधायनी शक्ति को प्रत्यायोजित करने का प्रस्ताव होगा उसके साथ उस आशय का ज्ञापन नत्थी होना चाहिये। मन्त्री महोदय ने विधेयक के साथ ज्ञापन भी दिया है। इसके अतिरिक्त जो नियम इसके अनुसार बनाये जायेंगे उन्हें सभा-पटल पर रखा जायेग और उस समय सदस्यों को उन पर विचार करने का अवसर मिलेगा।

Shri Madhu Limaye : It is an abnormal delegation while the Minister says tha it is normal. May I know Sir, whether the whole discussion in the House will be based on the wrong statement given by the Minister.

उपाध्यक्ष महोदय : मन्त्री महोदय इसका उत्तर देंगे कि यह साधारण है अथवा असाधारणी परन्तु मुझे तो निश्चित प्रक्रिया के अनुसार चलना है और मैं उसी के अनुसार कार्य कर रहा हूँ। तथापि सम्बन्धित खंड में संशोधन करके ऐसी व्यवस्था की जा सकती है कि उसके अधीन बनाये गये नियमों को सभा के अनुच्छेदन के पश्चात् लागू किया जाये। वैसे परम्परा तो यह है कि नियम जारी करते ही लागू हो जाते हैं।

Shri A. B. Vajpayee (Balrampur) : We accept it. But we want this assurance from the Minister.

उपाध्यक्ष महोदय : इस खंड विशेष पर चर्चा शुरू होने से पूर्व मन्त्री महोदय को इस सम्बन्ध में निर्णय कर लेना होगा, क्योंकि कुछ शक्तियों को ठीक से परिभाषित नहीं किया गया है। माननीय मन्त्री को इसके लिये एक परन्तुक जोड़ना होगा।

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : मैं स्थिति को स्पष्ट करना चाहता हूँ। खंड 2 (1) (क) में आवश्यक सेवाओं की परिभाषा दी गई है। खंड 2 (1) (क) (एक) में कुछ सेवाएँ गिनाई गई हैं। सब सेवाओं का गिनाना सम्भव नहीं है। खंड 2 (क) (क) (नौ) में केन्द्रीय सरकार को यह शक्ति दी गयी है कि वह सरकारी राजपत्र में अधिसूचित करके किसी भी अन्य सेवा को उक्त विधान के लिये अनिवार्य सेवा घोषित कर सकती है। इस व्यवस्था के अनुसार किसी भी सेवा को अनिवार्य सेवा घोषित किया जा सकता है। साथ ही खंड 2 (2) में की गयी व्यवस्था के अनुसार केन्द्रीय सरकार को ऐसी अधि-

सूचनाएँ संसद की दोनों सभाओं के समक्ष रखनी होंगी । अतः इस दृष्टि से यह नहीं कहा जा सकता कि प्रत्यायोजित की जाने वाली शक्तियां असाधारण हैं। इसी प्रकार की व्यवस्था इसी प्रकार के इससे पूर्व पारित विधेयकों में भी थी । उन पर लोक सभा और न्यायालय दोनों द्वारा ही विचार किया गया था । अनिवार्य सेवाएँ बनाये रखने सम्बन्धी विधेयक 1957 के सन्दर्भ में अध्यक्ष महोदय ने अपना निर्णय दिया था कि "अनिवार्य सेवाओं की ठीक-ठीक परिभाषा देना सम्भव नहीं है । समय परिवर्तन के साथ अनिवार्य सेवा की शर्त बदल कर कोई भी सेवा अनिवार्य हो सकती है ।" बम्बई के उच्च न्यायालय ने भी इसी आशय का निर्णय दिया था । अतः मेरा निवेदन है कि उक्त शक्तियां असाधारण न हो कर साधारण ही हैं । अतः मेरा आप से अनुरोध है कि आप इस मामले को शान्त करने के लिये अपना निर्णय दें ।

उपाध्यक्ष महोदय : यह एक गम्भीर प्रश्न है । यदि अब विधेयक इसी रूप में पारित हो जाता है, जिसमें कि अधिकारी की परिभाषा ठीक नहीं है , तो शक्ति के प्रत्यायोजन को फिर स्पष्ट न किया जा सकेगा । दूसरे मंत्री महोदय को अपने इस वक्तव्य को परिचालित करना चाहिये । इसके पश्चात् मैं यह देखूंगा कि उस पर और आगे चर्चा की जाये अथवा नहीं ।

श्री विद्याचरण शुक्ल : आप कल तक के लिये अपना निर्णय स्थगित कर दें और तब तक इस पर चर्चा शुरू कर दी जाये ।

Shri A. B. Vajpayee : We want an assurance from the Government in respect of your suggestion that the rules made thereunder will be applicable after the approval of the House.

श्री विद्याचरण शुक्ल : ऐसा कभी भी नहीं हुआ है और माननीय सदस्य का यह सुझाव व्यवहार्य नहीं है । प्रायः ऐसा होता है कि सभा सरकार को नियम बनाने की शक्ति देती है और फिर सरकार द्वारा बनाये गये नियमों पर सभा विचार करती है और यदि आवश्यकता महसूस करती है तो उनमें संशोधन करती है । परम्परा ऐसी है । इसके अतिरिक्त अधिनस्थ विधान सम्बन्धी एक समिति होती है जो यह देखती है कि सरकार द्वारा नियम ठीक प्रकार से बनाये गये हैं अथवा नहीं । इस परम्परा को बदलना ठीक नहीं है ।

उपाध्यक्ष महोदय : ठीक बात यही होगी । मंत्री महोदय ने अधिनस्थ विधान संबंधी समिति का जिक्र किया है । इस मामले पर वह समिति विचार करे । मैं तो ऐसा अनुभव करता हूँ कि इस विधेयक से एक नयी स्थिति उत्पन्न हो गयी है । क्योंकि इस विधेयक की प्रकृति ही ऐसी है और अब आपतकालीन स्थिति भी नहीं है ।

सरकार कल सुबह कोई आपात् की घोषणा नहीं करेगी । ऐसी स्थिति में माननीय सदस्य को इस बारे में जो कुछ भी कहना हो, वह अधीनस्थ विधान सम्बन्धी समिति के सामने रख सकते हैं । इस मामले पर समिति द्वारा विचार किया जायेगा, जिसकी बैठक आज होगी और उसका निर्णय मान्य होगा । इस बीच वाद-विवाद स्थगित नहीं कर रहा हूं विधेयक पर चर्चा जारी रहेगी ।

Shri Madu Limaye : Sir, the submission I have to make is that sub-clause I may not be taken up now.

उपाध्यक्ष महोदय : ठीक है, उसे अभी नहीं लिया जायेगा लेकिन विधेयक पर आगे विचार होगा।

श्री तिन्नेटे विश्वनाथम् (विशाखापतनम्) : आपके विनिर्णय ने इस मामले को बहुत कुछ साफ कर दिया है। अब प्रश्न बहुत स्पष्ट है कि क्या हम इस विधेयक पर आगे विचार कर सकते हैं क्यों कि विनिर्णय में तथा धारा में लिखित शब्दों में और उद्देश्य तथा कारणों के विवरण में भी यह मान लिया गया है कि अत्यावश्यक सेवाएं किस आधार पर निश्चित की जायें, उपलब्ध नहीं हैं। विधान में वह कसौटी बताना आवश्यक है जिसके आधार पर अत्यावश्यक सेवाएं निर्धारित की जायेंगी। केवल तभी प्रत्यायोजन किया जा सकता है। अधीनस्थ विधान सम्बन्धी समिति के समक्ष यही प्रश्न जायेगा। जिसका मतलब यह है कि सम्पूर्ण विधेयक अब सभा से अधीनस्थ विधान सम्बन्धी समिति में चला गया है। इसलिये यहां पर विचार करने के लिये रह ही क्या गया ?

उपाध्यक्ष महोदय : यह स्थिति की ठीक व्याख्या नहीं है। प्रश्न केवल इतना ही है कि समिति को इन दो पहलुओं पर विचार करना है ; (1) क्या यह अपवादात्मक स्वरूप का है अथवा सामान्य स्वरूप का, और (2) यदि वह उस निष्कर्ष पर पहुँचती है, क्या प्रत्यायोजनाधीन नियम उनके लागू होने से पहले रखे जाने चाहिये या बाद में। यही दो प्रश्न हैं जिन्हें विचारार्थ अधीनस्थ विधान सम्बन्धी समिति को सौंपा गया है।

श्री चं० चु० देसाई (साबरकंठा) : हड़ताल करने के अधिकार को हम मूलभूत अधिकार नहीं मानते हैं। सामूहिक सौदेबाजी के असफल हो जाने पर हड़ताल करने का अधिकार है लेकिन इस कथन अथवा तर्क से हम सहमत नहीं हो सकते कि हड़ताल करने का अधिकार मौलिक अधिकार हैं और इसलिये उसका कोई व्यतिक्रम संविधन का हनन है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम प्रस्तुत विधेयक का समर्थन करते हैं। यह इस सरकार का दोष है कि वह हर सभा में कोई न कोई विधिहीन अधिनियम ले आती है और ऐसा विश्वास करती है कि विधान बनाने से समाज सुधर जायेगा और उसकी बुराइयां दूर हो जायेंगी। इस मामले में भी, सरकार को अध्यादेश जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। इश देश के सरकारी कर्मचारी केवल आज ही नहीं बल्कि अग्रेजों के जमाने से ही सर्वाधिक कानून पाबन्द रहे हैं और हैं, और उन्हीं से तथा उनके सहयोग से ही सरकार चलती है, चाहे वह किसी दल की सरकार हो।

सरकारी कर्मचारी हड़ताल जैसा कदम उठाने की बात तब तक नहीं सोचेंगे जब तक कि वे सरकार के गैर-वाजिब रवैये से ऐसा करने के लिये मजबूर न हो जायें। हमें मालूम है कि हल ढूंढने के लिये अनेक प्रयत्न किये गये और अन्ततोगत्वा किसी हल पर पहुँचा नहीं जा सका

और सरकार ने कहा कि कर्मचारियों को कुछ राजनैतिक उद्देश्य के लिये गुमराह किया जा रहा है और उसने यह भी कहा कि कुछ सरकारी पदों पर साम्यवादी तथा उसी प्रवृति के लोग घुस गये हैं ।

इसके पश्चात् लोक-सभा मध्याह्न भोजन के लिये 2 बजे (म० प०) तक के लिये स्थगित हुई

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

लोक सभा मध्याह्न भोजन के पश्चात् 2 बज कर 5 मिनट (म० प०) पर पुनः समवेत हुई ।

The Lok Sabho then re-assembled after Lunch at Five Minutes Past Fourteen of the Clock.

[श्री गादिलिंगन गौड पीठासीन हुए]
[**Shri Gadilingrna Gowd in the Chair**]

श्री चं० चु० देसाई : किसी समस्या का हल दमन से नहीं निकलता । सरकारी कर्मचारी एक ओर कमर-तोड़ महगाई से परेशान हैं जो सरकार की नीतियों का परिणाम है, दूसरी ओर उनकी आय निश्चित है और रुपये की क्रय-शक्ति का निरन्तर ह्रास होता जा रहा है । ऐसी परिस्थितियों में वे क्या करें ? 19 सितम्बर को उससे पहले जो घटनायें हुई, मैं दावे के साथ कहता हूँ, कानून तथा व्यवस्था की समस्याएं नहीं थीं और न ही वह श्रम समस्या थी । वह केवल आर्थिक समस्या थी । यह कहा गया है कि आवश्यकता आधारित मजूरी देना सरकार की क्षमता के बाहर की बात है । यह बिलकुल सच है, लेकिन यह समाधान नहीं है । इसका समाधान आर्थिक क्षेत्र में है । यदि सरकार मूल्यों को कम करने के लिये निरोधात्मक कार्यवाही करे तथा बचतों में वृद्धि करें, तो आवश्यकता आधारित मजूरी से राजकोष पर अनुचित बोझ नहीं पड़ेगा । लेकिन बचतों को प्रोत्साहित करने तथा आवश्यकता आधारित मजूरी के प्रभावों को समाप्त करने के लिये समुचित आर्थिक नीतियां तैयार नहीं की जातीं । देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति के बारे में हमारे देश के प्रमुख अर्थशास्त्री प्रो० बी० आर० शिनॉय का 'डेली टेलीग्राफ ऑफ लन्दन" में एक महत्वपूर्ण लेख प्रकाशित हुआ है जिसकी कुछ पक्तियां इस प्रकार है ;

"The recent pressures on family budgets are doubtless the prime driving force behind the recent Naxalbari in west Bengal, behind the gheraos (defined by the Calcutta High Court as a physical blockade of the employees by workers) or other agitations, behind the bundh and lawlessness and behind other manifestations of social tensions and instability."

वर्तमान स्थिति के लिये वस्तुतः तथा मुख्यतः जिम्मेदार कारण यह है । ऐसी स्थिति में सरकार को चाहिये कि वह संसाधनों की बर्बादी को रोके और उन संसाधनों का प्रयोग जनता की दशा में सुधार करने पर करे । यदि ऐसा किया गया, तो मूल्य गिर जायेंगे और आवश्यकता-आधारित मजूरी के प्रश्न पर, जो वांछनीय है, विचार किया जा सकता है और

उचित आर्थिक नीति अपनाये जाने पर इस मांग को जिसकी वांछनीयता तथा आवश्यकता में एक कल्याणकारी देश मुख नहीं मोड़ सकता, पूरा किया जा सकता है क्योंकि यदि मूल्य कम हुए और निर्वाह-व्यय घट गया, तो इस मांग को पूरी करने में सरकार पर भी अधिक बोझ नहीं पड़ेगा।.

सरकार के लिये इस बात को समझना बहुत जरूरी है कि देश तथा समाज की आर्थिक समस्या का हल लोगों पर अश्रु गैस छोड़ना अथवा राष्ट्रपति का शासन लागू करना अथवा केवल विधान बना देना नहीं है।

जहाँ तक 19 सितम्बर का सांकेतिक हड़ताल से उत्पन्न स्थिति सम्बन्धी घटनाओं का सम्बन्ध है, सभी को मालूम है कि उस दिन क्या हुआ, सरकार ने अत्यधिक पुलिस बल आदि का प्रयोग किया, और मैंने जिला अधिकारी के रूप में अपने जीवन पर्यन्त के अनुभव में आज तक पुलिस की इतनी ज्यादती कभी नहीं देखी। पुलिस की ज्यादतियों का प्रमाण स्पष्ट था और हमने न्यायिक जांच की मांग की लेकिन गृह-कार्य मंत्री किसी भी परिस्थिति में न्यायिक जांच कराने के लिये तैयार नहीं हुए और वह अपने जिद्दी रवैये पर अड़े रहे। ऐसी स्थिति में हमारे पास सिवाय इसके और कोई विकल्प नहीं था कि हम देश के दो प्रमुख जूरिस्टों से जांच करने का अनुरोध करें और केवल जन भावना तथा नागरिक भावना से प्रेरित होकर उन्होंने यह कार्य किया और अपना प्रतिवेदन हमें दिया जिसकी प्रति सभा-पटल पर रखी गई है। उनके प्रतिवेदन से साफ जाहिर है और उसमें स्पष्टतः कहा गया है कि इस मामले में न्यायिक जांच करना केवल जरूरी ही नहीं अपितु नितान्त आवश्यक है। लेकिन इस सरकार के कान में, जो अपने को जन-इच्छा पर आधारित होने का दावा करती है, जूं तक नहीं रेंगती और न्यायिक जांच कराने से अब भी इन्कार करती है क्योंकि वह यह समझती है कि वह दोषी है और वह अपनी बुराई से डरती है।

इस सरकार में दूरदर्शिता का अभाव है और वह बीमारी की रोक-थाम के बजाय उसका इलाज करने में यकीन रखती है। यदि सरकार उचित नीति तथा उचित रवैया अपनाती, तो इस हड़ताल को तथा इन तमाम परिस्थितियों को बखूबी टाला जा सकता था।

कुछ भी हो, ये कर्मचारी बहुत लम्बे समय से काम कर रहे हैं। 13 सितम्बर, 1968 को अध्यादेश जारी करने तथा बाद में अब इस विधेयक को लाने की क्या आवश्यकता थी? सरकार कह सकती है कि आपात् स्थिति उत्पन्न हो गई थी इसलिये अध्यादेश आवश्यक था। लेकिन उसके स्थान पर यह विधेयक लाना तो उचित नहीं है और यदि पांच वर्ष बाद भी यही सरकार रही, तो फिर उसकी अवधि और आगे बढ़ा दी जायेगी क्योंकि यह सरकार जनता की इच्छा के अनुकूल नहीं अपितु केवल डंडे के बल पर ही अपने को कायम रख सकती है। अतः उसे इस दमनकारी तथा पातिक विधान का सहारा लेना आवश्यक है।

यदि सरकार इस कानून को पास भी कर देती है, तो वह उसे लागू नहीं कर सकती क्योंकि ऐसी स्थिति में कर्मचारी दफ्तरों में जायेंगे तो सही, किन्तु वे काम नहीं करेंगे जैसा कि

19 सितम्बर, 1968 को प्रायः सभी कार्यालयों में हुआ है। यद्यपि मैं इस बात को मानता हूँ कि किसी वर्ग को समाजिक जीवन अस्त-व्यस्त करने, देश की सुरक्षा को खतरे में डालने का कोई अधिकार नहीं है, विशेषतः उन लोगों को जो रेल गाड़ियां चलाने, डाक व तार की व्यवस्था बनाये रखने, आयुध कारखानों तथा प्रतिरक्षा सस्थानों में काम करते हैं और इस सिद्धात को दृष्टि में रखते हुए हम सरकार को महत्वपूर्ण तथा अत्यावश्यक सेवाओं के क्षेत्र में अनुशासन बनाये रखने के लिये अपना पूर्ण सहयोग देने के लिये तैयार हैं। लेकिन इसके साथ-साथ हम यह भी चाहते हैं कि सरकार को ऐसे दमनकारी विधान का सहारा नहीं लेना चाहिए विशेषता उस स्थिति में जब कि वह सरकारी कर्मचारियों की उचित तथा न्यायसंगत शिकायतों को दूर करने तथा उनकी हालत सुधारने के लिये कुछ नहीं कर रही है।

हमें सरकारी कर्मचारियों की कठिनाइयों का भी एहसास होना चाहिए। जब मूल्य हर रोज बढ़ रहे हैं, तो वह इतनी कम तनख्वाह से अपने दायित्व कैसे निभा सकता है। यदि सरकार उसकी, जिसकी निष्ठा, समर्थन तथा सहयोग पर इस देश की सरकार, देश की सुरक्षा, वास्तव में देश का जीवन निर्भर है, वास्तविक और न्यायसंगत कठिनाइयों का उचित तौर पर निवारण नहीं करती, तो वह धन कमाने के लिये अनुचित तथा भ्रष्टाचार के तौर तरीके अपनायेगा जिससे देश में भ्रष्टाचार का और अधिक बोल-बोला होगा और ईमानदारी और अनुशासन का ह्रास होगा। अतः सरकार को इस पहलू पर सबसे अधिक गौर करना चाहिए ताकि राष्ट्र के जीवन में अनुशासन और ईमानदारी रहें।

श्री श्रद्धाकर सुकार (सम्बलपुर) : कुछ लोगों की ऐसे राय है कि हड़ताल करने का अधिकार मूलभूत अधिकार नहीं है। हमें सामान्य हड़तालों तथा ऐसी हड़तालों के बीच, जिनका राष्ट्र की महत्पूर्ण सेवाओं से सम्बन्ध है, अन्तर को स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए। डाक व तार, टेलीफोन, रेलवे सेवाओं तथा हवाई अड्डों तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों से सम्बन्धित सेवाओं में हड़ताल करने का अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि इन सेवाओं के ठप्प हो जाने से सामाजिक जीवन की गति रुक जायेगी। ये सेवाएं समाज के हृदय का काम करती हैं और जिस प्रकार जीवन के लिये हृदय गति का जारी रहना आवश्यक है उसी प्रकार राष्ट्र के जीवन में अत्यावश्यक सेवाओं का जारी रहना भी आवश्यक है।

कारखानों तथा वर्कशॉपों में हमें श्रम और उत्पादन का पर्याप्त लाभ नहीं मिलता और तब हम संसद तथा विधान मंडलों में पूछते हैं कि सरकारी क्षेत्र की हमारी परियोजनाओं को समुचित लाभ क्यों नहीं हो रहा है। यदि कार्य-अध्ययन किया जाये, तो हम इस निष्कर्ष पर पहुँचेंगे कि कर्मचारियों की चाहे वे किसी हैसियत में काम करते हों औसत उत्पादन क्षमता का प्रयोग उतना नहीं किया जाता है जितना कि किया जाना चाहिए। जहां तक राष्ट्रीय तथा अत्यावश्यक सेवाओं का, जिनकी ओर कर्मचारियों द्वारा समुचित ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है, सम्बन्ध है, हमें देश के सर्वोत्तम हितों को सामने रख कर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। कर्मचारियों को 'नियमानुसार काम करो" आदि तरीकों का आश्रय नहीं लेना चाहिए।

अत्यावश्यक सेवाएं कौन-कौन सी हैं; यह प्रश्न अधीनस्थ विधान सम्बन्धी समिति के सामने है और आशा है, समिति इन सेवाओं की उचित तथा ठीक-ठीक परिभाषा देगी। मैं समझता हूँ सभा इस बात से सहमत होगी कि अत्यावश्यक सेवाओं पर इस खतरनाक हड़ताल का, जो राष्ट्रीय जीवन अस्त-व्यस्त कर देती है, प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

श्री एस० कन्डप्पन (मैंटूर) : सभापति महोदय, मुझे यकीन है कि सरकार जानती है कि इस विधेयक का सारा देश विरोध कर रहा है। यह एक विडम्बना है कि जब सम्पूर्ण विश्व मानव अधिकार दिवस मना रहा है, हम संसद में इस विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं जिसमें इस देश के कर्मचारियों के बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकार पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाने की व्यवस्था है। आज केन्द्रीय सरकार अपने कर्मचारियों पर प्रतिबन्ध लगा रहा है और कल अन्य नियोजक भी चाहे वे राज्य सरकारें हों अथवा गैर-सरकारी उद्यमी, अपने कर्मचारियों पर भी प्रतिबन्ध लगा सकते हैं।

यह एक काला विधेयक है जिससे इस देश की प्रतिष्ठा पर दाग लग रहा है। यह सरकार जो कहती है हम लोकतन्त्रवादी हैं, फासिस्ट तरीके अपना रही है। सरकार को इस विधेयक को पारित करने से पहले अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन से अलग हो जाना चाहिए क्योंकि यदि वह इस किस्म का विधेयक पारित करती है तो उसे अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का सदस्य बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

कल गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री विद्याचरण शुक्ल ने कहा था कि प्रस्तुत विधेयक एक प्रकार का अनुज्ञात्मक उपबन्ध है और हो सकता है कि सरकार उसका बिलकुल ही प्रयोग न करे, लेकिन वास्तविक तथ्यों के आधार पर हमें इस प्रकार के आश्वासन तसल्ली नहीं दे सकते। सरकार ने विधेयक में यह खुलासा नहीं किया है कि कौन-कौन सी सेवाएं अत्यावश्यक नहीं हैं। प्रस्तुत विधेयक अध्यादेश की शब्दशः प्रति है। विधेयक में अत्यावश्यक सेवाओं की व्याख्या इस प्रकार की गई है "संघीय मामलों से सम्बन्धित कोई भी ऐसी सेवा जिसका इससे पहले किसी भी उपखण्ड में उल्लेख न किया गया हो", इन सेवाओं का उल्लेख करने के बाद सरकार ने यह व्यापक उपबन्ध रखा है कि अन्य सभी सेवाओं को अत्यावश्यक सेवाएं माना जा सकता है।

यह भी कहा गया है कि किसी भी अन्य सेवा को, जिसके बारे में संसद कानून बना सकती है, अत्यावश्यक सेवा घोषित किया जा सकता है। मेरे विचार में संसद केन्द्रीय सरकार की सभी सेवाओं के बारे में कानून बना सकती है। इसका अर्थ यह हुआ कि रोक पूरी तरह लगा दी गई है। अतः जैसे कि मैंने बताया केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के मूल अधिकारों पर रोक लगा दी गई है। विभिन्न राज्य, नगर निगम तथा निजी उद्योगपति भी इस प्रकार की सुविधा मांग सकते हैं। यह धारणा करना भी उचित नहीं है कि सभी कर्मचारी देश के कल्याण के बारे में रुचिकर नहीं हैं। मेरे विचार में कर्मचारियों सहित देश के सभी जिम्मेदार नागरिक

समुदाय के हितों के बारे में चिंतित हैं। इस समय की स्थिति उस समय उत्पन्न होती है जब दो बार का खाना भी कठिनता से मिलता है ।

1960 की हड़ताल के पश्चात् सरकार का विचार कर्मचारियों की शिकायतों को दूर करने के लिए किसी भी प्रकार की व्यवस्था करने का था । इसके पश्चात् संयुक्त सलाहकार व्यवस्था बनाई गई थी । परन्तु 19 सितम्बर की हड़ताल के बारे में इस व्यवस्था का उचित ढंग से लाभ नहीं उठाया गया है। यद्यपि सरकार संसद तथा इसके बाहर इस बात का दावा करती रही है कि वह समझौते के लिए भरसक प्रयत्न कर रही है तथापि सच यह है कि इस ओर कोई प्रभावशाली कार्यवाही नहीं की गई।

यदि सरकार का विचार गम्भीरतापूर्वक तथा ईमानदारी से समझौता करने का होता तो वह 13 तारीख को ही अध्यादेश जारी न करती जबकि हड़ताल 19 तारीख को होनी थी। यह एक प्रकार की धमकी थी तथा कोई भी कार्मिक संघ का व्यक्ति जिसका कुछ आत्म सम्मान है, इस प्रकार की धमकी के आगे झुक नहीं सकता । कार्मिक संघों ने इस सब के बावजूद समझौते का प्रयत्न किया परन्तु मैं जानता हूं कि सरकार इसके लिये इच्छुक नहीं थी। कार्मिक संघों के नेताओं ने सरकार पर जोर दिया था कि इस मामले को संयुक्त सलाहकार व्यवस्था को सौंप दिया जाये परन्तु सरकार इसके लिए राजी नहीं हुई।

यह कह कर कि कुछ राजनीतिक दल देश में गड़बड़ उत्पन्न करना चाहते थे इस हड़ताल को अब दूसरा रंग दिया जा रहा है । मैं इस बात को स्वीकार नहीं कर सकता क्योंकि ये राजनैतिक दल बड़ी जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं और कई राज्यों में सरकारें भी चला रहे हैं।

जहां तक समयोपरि काम करने सम्बन्धी उपबन्ध का सम्बन्ध है मेरा निवेदन है कि हमें समयोपरि काम करने को हड़ताल के साथ मिलाने के स्थान पर इस बात का पता लगाना चाहिए कि क्या कारण है कि लोग समयोपरि काम करने से इन्कार करते हैं । क्या इस प्रकार हम कोई सफलता प्राप्त कर सकते हैं ?

सभा की जानकारी के लिये मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि केन्द्रीय सिविल सेवा आचरण नियमों के नियम 4 (क) के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों पर उनकी सेवा की शर्तों सम्बन्धी किसी मामले के सम्बन्ध में किसी प्रकार की हड़ताल करने अथवा प्रदर्शन करने पर रोक लगी हुई है । ये नियम गत 20 वर्षों से लागू हैं। परन्तु इन नियमों के बावजूद भी हड़तालें हुई हैं । अतः मेरा निवेदन है कि सरकार को देश में आर्थिक स्थिति की ओर गम्भीरता से विचार करना चाहिये। सरकार को इस बात पर विचार करना चाहिये कि देश में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न ही क्यों होती है जिसमें कि कर्मचारी हड़ताल करते हैं तथा देश के शान्तिमय जीवन में गड़बड़ उत्पन्न होती है।

1960 की हड़ताल के पश्चात् पंडित नेहरू ने कहा था कि मैं इस बात का सुझाव नहीं दूंगा कि हड़तालों पर रोक लगा दी जायें यदि पूंजीपति नियोक्ता तथा कर्मचारी के

सम्बन्ध हों तो नियोक्ता के दबाव से कर्मचारी के अधिकारों की रक्षा के लिए कुछ करना होगा। मेरे विचार में अब भी ऐसी ही स्थिति है। इसके बाद नन्दजी ने जबकि वह श्रम मंत्री थे कहा था कि हम हड़तालों पर रोक नहीं लगा रहे हैं बल्कि हम इन हड़तालों को एक फालतू सी चीज बना रहे हैं। यदि सरकार ऐसा करके दिखाती तो हम बहुत प्रसन्न होते। उन्होंने आगे कहा है हम भी हड़तालों को अवैध घोषित कर सकते हैं परन्तु जोर इनको अवैध घोषित करने पर नहीं बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने पर है जिससे कि आपसी सूझ-बूझ से विवादों को निपटाया जा सके। जबकि श्री जगजीवनराम श्रम मंत्री थे तो उन्होंने भी कहा था कि कर्मचारी वर्ग के हड़ताल करने के अधिकार की रक्षा की जानी चाहिए। अतः मैं नहीं जानता कि इस सब के बाद सरकार में यह परिवर्तन क्यों आया। मैं नहीं जानता कि श्री चौव्हान जैसा व्यक्ति इस प्रकार के अधिनियम को जो कि लोकतन्त्र की भावना के विरुद्ध है पास कराने के लिए क्यों हठ कर रहा है? इस प्रकार के कानून से विदेशों में देश की प्रतिष्ठा को धक्का लगेगा।

श्री रा० ढों० भन्डारे (बम्बई-मध्य) : इस विधेयक का समर्थन करने अथवा इसकी आलोचना करने से पूर्व हमें इसके स्वरूप तथा विस्तार को देखना है। यह विधेयक आपात की स्थिति का सामना करने के लिए है। अतः प्रश्न यह है कि क्या सरकार को ऐसा करने का अधिकार है।

यह व्यवस्था केवल पांच वर्षों के लिए ही की जा रही है। यह कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। यदि इस बारे में विरोधी दलों को कोई शंका है तो मैं अपील करूँगा कि इस अवधि को कम कर दिया जाये। इस बारे में सुझाव दिया जा सकता है। परन्तु इस आधार पर विधेयक का पूर्णतया विरोध नहीं किया जा सकता।

इस विधेयक में सरकार को पांच वर्षों में उत्पन्न होने वाली आपात स्थिति का सामना करने के लिए शक्ति दी गयी है। अधिसूचना के प्रतियों को दोनों सभाओं के समक्ष रखा जाना चाहिए। खंड 3 के अन्तर्गत एक विशेष अथवा सामान्य आर्डर द्वारा हड़ताल को रोका जा सकता है। परन्तु यह आर्डर भी स्थायी नहीं होगा। ऐसा आर्डर केवल छः महीने के लिए हो सकता है, यद्यपि सरकार इसको अधिसूचना द्वारा आगामी छः महीनों के लिए बढ़ा सकती है।

चौथे खंड में अवैध हड़ताल करने के लिए दण्ड की व्यवस्था की गई है। अतः यह एक बहुत ही साधारण विधेयक है जिससे सरकार कुछ शक्ति प्राप्त करना चाहती है।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Deputy Speaker in the Chair]

प्रश्न यह है कि क्या सरकार को आपात में उत्पन्न होने वाली स्थिति का सामना करने के लिए शक्ति प्राप्त करने का अधिकार है। मेरे विचार में सरकार को ऐसा अधिकार है। अतः सरकार के पास संसद के समक्ष इस प्रकार का विधेयक लाने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है।

इस विधेयक का सावधानी से अध्ययन करने के पश्चात् मेरे दिल में जो प्रथम प्रश्न उत्पन्न हुआ वह यह कि क्या यह विधेयक व्यापक है और कि क्या यह सभी कर्मचारियों पर लागू होता है । विभिन्न खण्डों तथा उप-खण्डों को देख कर ऐसा प्रतीत हुआ कि यह विधेयक सभी पर लागू होगा ।

दूसरा यह प्रश्न मेरे दिल में उत्पन्न हुआ कि ऐसा करना उचित है। मेरे विचार में जब तक कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त न हो तथा उनमें तथा सरकार में अच्छे सम्बन्ध न हों काम चलाना कठिन है । अतः आपस में अच्छे सम्बन्ध स्थापित करना उचित है ।

यदि अधिसूचना जारी की जाती है तो उसको दोनों सभाओं के समक्ष रखा जाना चाहिए । यह एक 'डेलीगेटिड' कानून है । इस प्रकार के कानून समूचे विश्व में बनाये जा रहे हैं। परन्तु हम नहीं चाहते कि हमारा देश एक विभाग के नियम से चले । मेरा निवेदन है कि इस अधिसूचना को जारी करने से पूर्व अधीनस्थ समिति को सौंपा जाये जहां इसका अच्छी प्रकार अध्ययन किया जा सके ।

हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि न केवल हमारे देश में बल्कि समूचे विश्व में मजदूर अपने अधिकारों के लिए लड़े है और उन्होंने कुछ अधिकारों को प्राप्त भी किया है। तो क्या इस साधारण कानून से हम उन सभी अधिकारों को समाप्त कर रहे हैं । मैं जानता हूँ कि सरकार का उत्तर नहीं में होगा क्योंकि गृह-मंत्री के कहने के अनुसार वह मजदूरों की शिकायतों को दूर करने के लिए व्यापक तथा ठोस प्रबन्ध करना चाहते हैं । मेरा सुझाव है कि इस बात को इस विधेयक का ही एक अंग बना दिया जाये ।

19 सितम्बर की हड़ताल में भाग लेने वाले कर्मचारियों में से अधिकांश चतुर्थ तथा तृतीय श्रेणी के कर्मचारी थे । प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है । झूठे नारों से इन लोगों को ही गुमराह किया जा सकता है । नेता उनके सामने पूरे तथ्य नहीं रखते हैं । इसलिए मेरा निवेदन है कि निलम्बित तथा अन्य प्रकार की कठिनाइयों में फंसे हुए कर्मचारियों के विरुद्ध मुकादमे वापिस लिये जायें अथवा उनके साथ नरमी का व्यवहार किया जाये ।

श्री म० ला० सोंधी (नई दिल्ली) : कोई भी व्यक्ति जो हमारे देश के सामाजिक पहलुओं से परिचित है, इस निष्कर्ष पर पहुँचेगा कि यदि ऐसा विधेयक कानून बन जाये तो यह इस देश की लोकतंत्रात्मक परम्पराओं पर एक धब्बा होगा। इस विधेयक की कोई आवश्यकता नहीं थी । मालूम नहीं सरकार को कैसी सूचना मिली थी जिसके आधार पर सरकार ने समझा कि 19 सितम्बर को भारत पर कोई विपत्ति आने वाली है। समझ में नहीं आता कि सरकार यह बात विश्वास के साथ कैसे कह सकती है कि कुछ सरकारी कर्मचारी हमारे संविधान के अनुसार कार्य नहीं करना चाहते । सभी जानते हैं कि सरकारी कर्मचारियों में कुछ पक्के देशभक्त शामिल हैं। देश पर जब भी आक्रमण हुआ है, इन्हीं कर्मचारियों ने अधिक काम किया है, रक्तदान दिया है तथा अपनी पत्नियों के आभूषण देकर सरकार की सहायता की है ।

राज्य मंत्री ने इस बार में बहुत कुछ कहा है कि यह हड़ताल समूचे देश के जीवन को अपंग बनाने के उद्देश्य से की गई थी। यह बात ठीक नहीं है। इस सांकेतिक हड़ताल का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की कठिनाइयों की ओर सरकार का ध्यान दिलाना तथा देश और जनता का ध्यान प्रशानिक सुधारों की ओर आकर्षित करना था।

इस विधेयक का उद्देश्य सौदेबाजी तथा पंचनिर्णय को समाप्त करना है जो आज के समूचे सभ्य संसार में सरकारी क्षेत्र में नियोजक-कर्मचारी सम्बन्धों के आधारभूत पहलू माने जाते हैं। इस विधेयक द्वारा एक समूचे नये ढाँचे को नष्ट करने का प्रयत्न किया गया है। वास्तव में इस विधेयक का एक खण्ड सरकारी कर्मचारियों के संघों की उपयोगिता को ही चुनौती देता है। इससे हमारे मन में गृह मंत्रालय की मनोवृति के प्रति सन्देह पैदा होता है। मालूम होता है कि वे नियोजकों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न मंत्रालयों के अपने-अपने नियजकों को एक ही स्थान पर लाने को रोकना चाहते हैं। लेन-देन की भावना किसी संदिग्ध राजनैतिक उद्देश्य से जानबूझ कर समाप्त की जा रही है।

मैं हड़तालों के सम्बन्ध में कनाडा का उदाहरण देना चाहता हूँ। वहाँ नियुक्त एक समिति ने कहा है कि हड़तालों पर कानून द्वारा प्रतिबन्ध लगाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। परन्तु इस देश में ऐसा किया जा रहा है। मुझे गृह-कार्य मंत्रालय के उद्देश्यों के बारे में सन्देह है क्योंकि वह कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को आपस में परामर्श करने से रोकना चाहती है।

किसी विशेष सामाजिक तथा आर्थिक वातावरण में सामूहिक सौदे करके तथा पंचनिर्णय की प्रथा अवश्य होनी चाहिये, चाहे वेतन दरों का मामला हो अथवा रोजगार की शर्तों तथा पंचनिर्णय की व्यवस्था अथवा पंचाटों को लागू करने का। सरकारी क्षेत्र समूचे सामाजिक वातावरण में ही जीवित रह सकता है। हम इन दोनों को पृथक नहीं कर सकते। एक का प्रभाव दूसरे पर अवश्य पड़ेगा।

मालूम होता है कि स्वतन्त्र दल वाले जनता पर विश्वास नहीं करना चाहते। हमें यह विश्वास नहीं छोड़ना चाहिये। मैं पूछना चाहता हूँ कि क्या यह विधेयक गलत प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयार नहीं किया है। गृह-कार्य मंत्रालय आंतक द्वारा कर्मचारी आन्दोलन को दबाना चाहता है। गृह-मंत्रालय को चाहिये कि वह एक कर्मचारी सम्बन्ध बोर्ड स्थापित करे। बदलती हुई परिस्थितियों में गृह-कार्य मंत्रालय को भी बदलना चाहिये। ऐसा लाठी तथा डंडे के जोर से नहीं किया जा सकता क्योंकि दमन का मार्ग यह सिद्ध करता है कि हमारे विचार अभी पुराने हैं।

सरकारी कर्मचारियों का आंदोलन एक बड़ा आंदोलन है और उसमें सक्रिय भाग लिया जाना अनिवार्य है। परन्तु हमें इस गतिविधि के प्रति आँखें बन्द नहीं करनी चाहिये अथवा आंतक से उत्तर नहीं देना चाहिये। हमें इस अध्यादेश तथा विधेयक को समझना चाहिये क्योंकि इसके खतरनाक प्रभाव होंगे।

यह मामला दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष भी आया है। परन्तु माननीय विधि मंत्री के व्यवहार पर हमें बहुत दुख है।

आप इन्द्रप्रस्थ भवन की घटनाओं पर जांच समिति की रिपोर्ट पर ध्यान दें । इस समिति के सदस्य बड़े अनुभवी तथा विशिष्ट प्रतिभा वाले व्यक्ति हैं । उनकी रिपोर्ट पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिये। जलियांवाला बाग हत्याकांड के बारे में गांधी जी ने भी एक गैर-सरकारी जांच समिति नियुक्त की थी ।

हमें सरकारी कर्मचारियों की मांगों की ओर सहानुभूतिपूर्ण ढंग से विचार करना चाहिये। मेरा आग्रह है कि इस विधेयक को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिये और सरकार को अपनी कर्मचारी विरोधी नीति छोड़ देनी चाहिये।

Shri Prem Chand Verma (Hamirpur) : The political parties are bent upon creating problems for Government. They oppose Government's right policies for the sake of opposition. In this they have their own axe to grind. Here we see that unnecessarily points of order are being raised. About eight hours have thus been wasted. It is not good. A good sum of money has in this way been wasted. Our friends criticise Government but they do not think about their own performance in the House. It is not genuine sympathy for Government employees. These politicians want to gain political capital in this way.

I can say that real sympathy for the employees is in the heart of Congressmen. It was Gandhiji who fought for the down-trodden people.

He attached supreme importance to the well-being of people. These people were nowhere at that time. Now they claim to be the well wishers of Government employees. They put blame on Government. It is all tall talk. They mislead employees. I appeal to the Government employees that they should be careful and should not be misled by their slogans. These so-called leaders are responsible for the token strike on 19th September. The object of this Bill is to avoid such things in future. It is the result of their own doing. Ours is a poor country. The people are engaged peacefully in their daily pursuits. These strikes cause great hardship to them. It is the duty of Gevernment to put the life of community normal in all respects.

Government cannot allow harm being done to public property. These people wanted to disrupt the normal life of community. Is it proper for them ?

We want that genuine demands of employees should be fulfilled. I want the big industrialists and capitalists to pay adequately to their employees and workers. Our Government is just like a trustee. It is doing its work very sincerely. We should not doubt its bona-fide. Our party is prepared to forego any benefit if other parties are prepared for that.

I feel this Bill will be of some benefit to the employees. Now it will be clear as to who are loyal to their duty and who are not.

There is no provision in this Bill against the loyal workers. It is meant to deal with harmful elements. You will agree that the guilty ones must be punished. It is to that end that the arrangment is being made.

I request that the employees who went on strike should be dealt with leniently. Most of them were misled by political parties. If police has indulged in excesses, I deprecate it. Government should deal with the employees sympathetically. With these words I support this Bill.

श्री श्री० अ० डांगे (बम्बई-मध्य-दक्षिण) : मैं कार्मिक संघ वालों का पत्र स्पष्ट करना चाहता हूँ । साथ में मैं साम्यवादी दल की प्रतिक्रिया भी व्यक्त करना चाहता हूँ । यह विधेयक एक साधारण विधेयक नहीं है । सरकार कर्मचारियों के अधिकारों को समाप्त करने जा रही है । इससे पीछे देश के पूँजीपतियों का हाथ है । इस बारे में कांग्रेस पार्टी पर दबाव पड़ता रहा है ।

[**श्री तिरूमल राव पीठासीन हुए**
Shri Thirumala Rao in the Chair]

1937 में जब कांग्रेस पार्टी ने राज्यों में सरकारें बनायी थीं उस समय भी कांग्रेस ने बड़े–बड़े उद्योगपतियों के दबाव में मजदूरों के अधिकारों को कम करने का प्रयास किया था । हड़ताल करने सम्बन्धी उनके अधिकार को समाप्त करने की कोशिश की गयी थी । श्री नन्दा इस बारे में बता सकते हैं ।

1946 में विश्व युद्ध के समाप्त होने पर उस कानून को बनाने का प्रयत्न हुआ था । परन्तु बम्बई में पूर्ण हड़ताल हो गई और उसके बाद भी कई बार हड़ताल हुई है ।

बाद में औद्योगिक विवाद अधिनियम पारित हुआ और उसमें ऐसे उबन्ध हैं जिनके अनुसार हड़ताल अवैध है । अब तो यह अधिकार ही समाप्त किया जा रहा है । मजदूरों का हड़ताल करने का अधिकार एक बुनियादी अधिकार है । अतः यह विधान उस पर कुठाराघात है ।

अब सरकार किसी भी उद्योग को अत्यावश्यक घोषित कर सकती है और उनमें लगे मजदूरों के हड़ताल के अधिकार को छीन सकती है । यह बहुत अनुचित होगा । हमें उसके साथ-साथ अनिवार्य मध्यस्थता का प्रावधान करना चाहिये । इस बारे में अनेक देशों में हड़तालें हो चुकी हैं । हमें मजदूरों के कार्य की शर्तों को ऐसा बनाना चाहिये कि उनको हड़ताल पर बाध्य न होना पड़े । अत्यावश्यक सेवाओं के चलाने वाले कर्मचारियों की निजी न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति होनी चाहिये । स्कूल अध्यापक का देश के भविष्य निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है । उसे उचित वेतन मिलना चाहिये । उसे हड़ताल करने पर बाध्य होना पड़ता है । आज भी उत्तर प्रदेश के अध्यापक आंदोलन चला रहे हैं । हमें इस पर विचार करना होगा । वास्तविकता यह है कि सरकार देश में मजदूर वर्ग के दमन में लगी हुई है ।

यदि आप यह कहते हैं कि "मैं लाभांश को सीमित कर रहा हूँ और उसके बाद आप हड़ताल के अधिकार को सीमित करने के लिए सहमत हो जायेंगे" तो मैं इस बात से सहमत नहीं क्योंकि यह मूलभूत अधिकार है ।

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भी कहा था कि हड़ताल पूंजीवादी प्राणाली का अनिवार्य अंग है । यदि आप यह कहते हैं कि यह पूंजीवादी प्राणाली नहीं है तो मेरा इस विषय में आप से मतभेद है । कर्मचारी वर्ग आश्वासन के बदले अपने हड़ताल करने के अधिकारों को समाप्त नहीं कर सकते ।

यह आरोप लगाया गया है कि हड़ताल के कारण पूंजी-संचय को प्रोत्साहन नहीं मिलता है, सच नहीं है। यदि आप पिछले दस वर्षों के पूंजी के जमाव के आंकड़ों का अध्ययन करेंगे तो आपको ज्ञात होगा कि हड़ताल करने के अधिकार प्राप्त होने के बावजूद भी पूंजी का संचय दुगना हुआ है।

यह भी कहा जाता है कि हड़ताल के परिणामस्वरूप उत्पादन में कमी होती है। यदि आप आंकड़ों का अध्ययन करें तो ज्ञात होगा कि देश में उत्पादन में 42 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

यदि सरकार का यह विचार है कि हड़ताल करने के अधिकार को वापिस लेने से उत्पादन में भारी वृद्धि होगी तो वह गलती पर है। अमरीका में भी समान स्थितियों में हमारे से कम उत्पादन में वृद्धि हुई थी। हम औद्योगीकरण के प्रथम चरण पर है, इसके बावजूद भी हमारे में पश्चिमी देशों की तुलना में उत्पादन अच्छा है। अतः कर्मचारी वर्ग पर यह आरोप लगाना कि वे हड़ताल का हथियार अपना कर देश की अर्थव्यवस्था में बाधा डाल रहे हैं और उत्पादन में कमी कर रहे हैं, उचित नहीं।

आप देश में कोई भी गैर-कानूनी प्रतिबन्ध लगा सकते हैं लेकिन जहाँ तक कर्मचारी वर्ग के अधिकारों का सम्बन्ध है, उस प्रतिबन्ध का पालन नहीं किया जायेगा। हड़ताल पर रोक लगाने के प्रयत्न असफल रहे हैं।

मेरा सुझाव यह है कि कर्मचारी वर्ग से वास्तविक सेवा प्राप्त करने और उनसे उचित उत्पादन प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि उनकी आवश्यकतानुसार वेतन की मांग को स्वीकार किया जाये और उनके व्यापार संगठनों के संयोजकों को शिकार न बनाया जाये। उनको हड़ताल करने के अधिकार दिये जायें। समस्याओं को विचार-विमर्श द्वारा हल किया जाये। यदि इस प्रकार समझौता किया जाता है तो हम इसके लिये तैयार हैं। यदि इस प्रकार से कानून बनाकर कर्मचारियों को मजबूर किया गया तो वे इस कानून का पालन नहीं करेंगे। सरकार द्वारा इसे अत्यावश्यक सेवा विधेयक घोषित कर देना पर्याप्त नहीं है। सरकार को इस विधेयक को वापिस ले लेना चाहिये और सरकार और कर्मचारियों के बीच के विवादों को और किसी प्रकार से हल करना चाहिये।

कार्मिक संघों को मान्यता दी जानी चाहिये। कर्मचारियों को शिकार नहीं बनाना चाहिये। सरकार को कर्मचारियों की आवश्यकताओं का अनुमान लगाना चाहिये। सरकार को विचार-विमर्श द्वारा समस्याओं का हल ढूंढना चाहिये। आप पूंजीवादी प्रणाली को समाप्त कीजिये, हड़ताल स्वयं समाप्त हो जायेंगी। जितनी-जितनी पूंजी का संचय होगा उतनी-उतनी निर्धनता में वृद्धि होगी।

यदि सरकार वास्तव में कर्मचारी वर्ग और हड़ताल की समस्याओं को हल करना चाहती है तो हम इनके बारे में विचार करने के लिए तैयार है। लेकिन हम अपने हड़ताल करने के अधिकार का किसी अनिवार्य मध्यस्थ या इसी प्रकार के प्रतिबन्ध से बदली नहीं करेंगे।

भारतीय सीमाओं पर तनाव की स्थिति के बारे में प्रस्ताव

MOTION RE : TENSION ON INDIAN BORDERS

सभापति महोदय : अब हम प्रकाशवीर शास्त्री के प्रस्ताव पर विचार करेंगे। इसके लिए 2 घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

Shri Prakash Vir Shastri (Hapur) : Nature has built India as an unconquerable fort. It has kept our boundaries safe but we have not kept them safe due to our wrong policies. Our first mistake was this that we have not maintained our natural boundaries. Secondly, the Government allowed China to take over Tibet. Now our Northern boundary is in danger.

Pakistan had attacked India thrice but it is regretted that at all the times our Government did not pay any serious attention in this matter.

Aftor the 1966 collusion between India and Pakistan, Pakistan has tremendously raised its army, air and naval forces.

During the last three years China has supplied arms and ammunitions to Pakistan in large quantity. China is providing training to Pakistani pilots and it has established some ordinance factories in Pakistan. China is also giving training to Pakistan in guerilla war.

America has supplied arms and ammunition to Pakistan in large quantity. Pakistan is trying to obtain arms and ammunition through other countries. After 1965, France, who was neutral before, has also supplied arms and ammunition to Pakistan. The decision of Russia to supply arms und ammunition to Pakistan has become a matter of grave concern. Russia has also begun to supply technical knowledge in the field of atomic energy. Pakistan has always been against us and it may utilise that knowledge against us. We cannot believe on the assurances given by Russia that this assistance will not be used against India, because similar assistance were also given by America and the assistance given by it was used against India.

Pakistan has entered into a pact against India. Pakistan is preparing for a war in the western region with the help of America and in the Eastern region with the help of China.

Besides China and Pakistan Naxalities are also trying to come in power in our country. They have started activities against the Government. We should be well prepared to meet them.

It is unfortunate that there is no co-ordination between army and civil intelligence departments.

Our Military Intelligence Department is acting on that old pattern of 1947. Now the conditions have totally changed. The work of our intelligence personnel have not been satisfactory during the 1965 conflict. Even then we are not trying to improve that department instead the officer responsible for the lapses has been promoted.

We claim that we are able to produce atom bomb but we have not produced it intentionally. Pakistan is taking an advantage of our claim and is propagating that India would be manufacturing atom bomb secretly. The policy of not manufacturing atom bomb is not realistic.

It is a matter of pleasure that we have manufactured Vijayant Tank. But while manufacturing the tanks we should take into consideration the progress other countries will make with regard to its manufacturing. Otherwise they will be out of date.

The elements whose faithfulness is doubtful towards India should be removed from our borders. Ex-servicemen should be rehabilitated in those areas.

The differences between the officers and the Jawans should be removed. The officers should behave properly with the Jawans.

Emergency Commissioned officers have made many sacrifices for us. The Government should take those sacrifices into consideration and their services can better he utilised at border areas.

We have not made any progress in the electronics. To find out self-sufficiency in the matter of security, a high power committee of scientists should be appointed. The Government have assured in connection with geting our lost territories from time to time. The Government should state the time when these assurances will be fulfilled. It those assurances would not be fulfilled the history will never forgive our leaders.

श्री इन्द्रजीत मलहोत्रा (जम्मू) : जम्मू तथा कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं आये दिन होती ही रहती है। प्रतिरक्षा मंत्री, केन्द्रीय सरकार तथा राज्य के प्रशासन द्वारा दिये गये आश्वासनों के बावजूद तोड़फोड़ और घुसपैठ की घटनाएं होती रहती हैं। सीमा पार से डाकू आते हैं और सीमा पर रहने वाले लोगों का सामान लूट ले जाते हैं। इस के साथ मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि जम्मू में तैनात जवान और अधिकारी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। हाल ही में जहानगढ़ में सैनिक अधिकारियों के सहयोग से वहां की असैनिक जनता के लाभ के लिये एक औषधालय खोला गया है। हम सेना और असैनिक जनता के बीच इस प्रकार के सम्बन्धों का स्वागत करते हैं।

हमें पाकिस्तान के इरादे की ओर ध्यान देना चाहिये। हमें यह देखना चाहिये कि क्या पाकिस्तान के इरादों में कोई परिवर्तन हुआ है ? ताशकन्द घोषणा के प्रथम वाक्य में कहा गया था कि भारत के प्रधान मंत्री तथा पाकिस्तान के राष्ट्रपति भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्ध सुधारने के लिये भरसक प्रयत्न करेंगे। परन्तु हाल ही में पेशावर में एक बैठक में भाषण देते हुए राष्ट्रपति अयूब ने कहा था कि भारत पाकिस्तान के अस्तित्व को समाप्त करने के लिये प्रयत्नशील है। इस प्रकार के कथनों को ध्यान में रखते हुए हम कब तक इस बात पर विश्वास करते रहेंगे कि जैसे हम ईमानदार है ऐसे ही पाकिस्तान अपने कार्यों और इरादों में ईमानदार रहेगा ? हमें भी पाकिस्तान के प्रति अपने रवय्ये में परिवर्तन करना होगा। सीमा पर रहने वाले भाई कब तक गोलियों का शिकार होते रहेंगे ? निःसन्देह सेना के साथ-साथ हमारी जनता का मनोबल बहुत ऊँचा है। छम्ब-जौरियान क्षेत्र में अब लोग फिर बस गये हैं और अपने काम-काज में व्यस्त हैं। परन्तु उनके मन में यह विचार अब भी उठता है कि कहीं वर्ष 1965 वाली घटना फिर न हो जाये।

जम्मू और कश्मीर की आन्तरिक स्थिति पर हमें अधिक ध्यान देना चाहिये ताकि वहां पर शान्ति का वातावरण बना रहे। आन्तरिक शान्ति के बिना सीमा रक्षा का कार्य बहुत कठिन हो जाता है। इन क्षेत्रों में संचार सुविधाएं बढ़ाई जानी चाहिये तथा वहां के निवासियों को

अधिक सुविधाएं दी जानी चाहिये। सीमावर्ती क्षेत्रों में भूतपूर्व सैनिकों को बसाया जाना चाहिये। परन्तु इसके साथ ही हमें सीमा पर रहने वालों की देशभक्ति पर कोई संदेह नहीं होना चाहिये। हमें उन्हें भी सैनिक प्रशिक्षण देना चाहिये। हमें उन लोगों को वहां से हटा कर भूतपूर्व सैनिकों को वहीं बसाना चाहिये।

जहां तक प्रतिरक्षा नीति का सम्बन्ध है मंत्री महोदय को उन सूचनाओं पर अधिक विश्वास नहीं करना चाहिये जो उन्हें अधिकारियों द्वारा दी जाती हैं। हमें पता चला है कि हाल ही में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिये कुछ शिविर स्थापित किये गये हैं जिनका प्रबन्ध चीनी अधिकारियों के हाथ में है। उन्हें आजाद कश्मीर ट्रेनिंग ब्रिगेड कहा जाता है। उन्हें घुसपैठ और तोड़फोड़ करने से सम्बन्धित कार्यकलापों में प्रशिक्षित किया जाता है। पाकिस्तान की समस्त सीमा पर उन्होंने कवच-कोठरियां (पिल बॉक्स) बना ली हैं और इच्छोगिल नहर की तरह जम्मू-सियालकोट सीमा पर भी एक नहर बनायी गयी है। मैं यह जानना चाहता हूँ कि इस तरह तैयारी का मुकाबला करने के लिये हमने कितनी तैयारी की हुई है।

सेना में केवल वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति नहीं की जानी चाहिये। उपयुक्त पद पर उपयुक्त व्यक्ति की नियुक्ति की जानी चाहिये।

चीनी और पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध गठबन्धन किया हुआ है। हमें इस सम्बन्ध में हर प्रकार से सतर्क रहना चाहिये।

श्री सु० कु० तापड़िया (पाली) : वर्ष 1962 और 1965 के आक्रमण के समय जो स्थिति हमारे सामने आई, उसे देखते हुए अब यह संदेह पैदा हो गया है कि हम अब भी पूर्ण रूप से तैयार हैं या नहीं। अब भी सरकार को अपने मित्र और शत्रु का ज्ञान नहीं है। हाल ही में जिन चार नेपालियों को गिरफ्तार किया गया था उनके साथ हमने वही व्यवहार किया है जो हमें चीनियों या पाकिस्तानियों के साथ करना चाहिये था। इस मामले में गलतफहमी की भी गुंजाइश थी क्योंकि वहां सीमा चौकियां नहीं थीं। फिर नेपाल हमारा मित्र देश है।

पाकिस्तान और चीन हमारे दो शत्रु हैं। पाकिस्तान से इसलिये खतरा है क्योंकि वहां पर एक ही व्यक्ति का शासन है और वह अपने देश की समस्याओं से वहां के लोगों का ध्यान हटाने के लिये सीमा पर कुछ गड़बड़ कर सकता है। हमारा बड़ा शत्रु चीन है। इस देश के घुसपैठिये और गुप्तचर हमारे देश में विभिन्न रूपों में कार्य कर रहे हैं। केरल और पश्चिम बंगाल के नगरों में भी चीनियों की गतिविधियां चल रही हैं। पश्चिम बंगाल चीन से सहायता प्राप्त करने वाले और प्रेरणा ग्रहण करने वाले तत्व काफी मात्रा में मौजूद हैं। वहां पर माध्यावधि चुनावों के दौरान लोकतंत्रात्मक प्रणाली के विरुद्ध प्रचार किया जा रहा है। केरल में भी चीनी दूतावास के सूचना अधिकारी के दो पत्र पकड़े गये हैं जिनसे पता चलता है कि देश के कुछ भागों में होने वाली गतिविधियों में चीन का प्रत्यक्ष हाथ है। नागालैण्ड में भी चीनी हथियार

पकड़े गये हैं । हमें इन सभी गतिविधियों के प्रति काफी सतर्क रहना चाहिये । रेडियो पेकिंग से भी हमारे देश और नेताओं के विरुद्ध काफी प्रचार किया जाता है ।

क्या चीन के सम्बन्ध में हमारी नीति में कोई परिवर्तन हुआ है ? प्रधान मंत्री ने कई बार कहा कि उपयुक्त वातावरण होने पर भारत चीन अथवा किसी अन्य देश के साथ बातचीत करने के लिये तैयार है । परन्तु उन देशों से दोस्ती बढ़ाने वाला उत्तर नहीं मिलता बल्कि इनकी प्रतिक्रिया उसके विपरीत होती है । इससे अच्छा यह होगा कि हम सीमावर्ती घटनाओं के समय दृढ़ता से काम लें । सरकार को जनता में उत्साह बनाये रखना चाहिये । सीमा पर भूतपूर्व सैनिकों को बसाने से वहां पर रहने वाले अन्य लोगों को भी उत्साह और सहायता मिलेगी ।

सीमा सुरक्षा दल को और सुदृढ़ बनाना चाहिये । उन्हें हर प्रकार की सहायता तथा सुविधाएं दी जानी चाहिये जिससे उनका मनोबल ऊँचा हो । सीमा पर आसूचना के कार्य के लिये उन्हें आधुनिक उपकरण दिये जाने चाहिये ।

सीमा पुलिस को राडार, छोटे विमानों तथा हेलीकाप्टरों के साथ लैस करना चाहिये जिससे वे सीमा पर निरन्तर निगरानी रख सकें । फिर सरकार को सीमा पर सड़कें बनाने का कार्य शीघ्र पूरा करना चाहिये । गत वर्ष पता चला था कि राजस्थान ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कें बनाने के कार्य में लापरवाही की है । भारत सरकार को ऐसे कार्यों को स्वयं अपने हाथ में लेना चाहिये ।

सभापति महोदय : यह विषय बहुत महत्वपूर्ण है । बहुत से सदस्य इस चर्चा में भाग लेना चाहते हैं । हमें यह चर्चा आज ही समाप्त करनी है । प्रत्येक सदस्य को 10 मिनट से अधिक नहीं मिलेंगे ।

Shri Randhir Singh (Rohtak) : Sir, when I think about the Indian army, my head bows in respect to it. There was a time whan the bravest soldier in the world would shudder to think about fighting an Indian soldier. But our war with China in 1962 caused us a great set-back. That slur was removed in 1965 when our army fought against the Pakistan army.

There was a time when it used be to said ? "It is not the gun that matters, it is the man behind the gun which matters". Now situation has changed. It is the other way round.

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए ।
Mr. Deputy Speaker in the Chair]

Now even a very coward man but armed with automatic weapons can fight the bravest soldiers.

During the 1962 conflict our soldiers had only 303 rifles whereas the Chinese had automatic weapons. Hence they were superior. Now they have hydrogen bomb. No invaders came from the Himalayan side but Chinese crossed them.

China has 170 divisions of army and have hydrogen bomb too. China and Pakistan are hand in glove and hence we have to be cautious against them. We are a nation of 55 crore people.

Pakistan has got not only China on its side but has Iran, Turkey, Pro-Islamic block, NATO and other powers also to support it.

Our soldiers are quite tough but we should pay attention towards providing facilities to them. A Jawan who is posted in NEFA and other far-flung areas gets two months annual have and 16 days of it are spent in travel alone. His pay is also Rs. 60-00 which is less than that of daftry in the civil. We have to give proper salary to the Jawan.

Secondly, I want to say something about Nagaland. The whole Naga population is changed now. Now there is no need for a military operation. They want peace. I want some to take up development work with the cooperation of the people of that area. They have one grievance that the Chief Minister of that State has to seek favour from the Deputy Secretaries and Under Secretaries to the Government of India. He should be given a better treatment and treated as we treat his counterparts in U. P., Bihar and Punjab etc. If there is peace there, India would be protected.

श्री रणजीत सिंह (खलीलाबाद) : महोदय 14 नवम्बर 1962 को इस सदन ने एक प्रस्ताव पास किया जिसे उस समय के प्रधान मंत्री ने पेश किया था यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया था । उसमें कहा गया था कि हम तब तक आराम से नहीं बैठेंगे जब तक शत्रु को अपनी पवित्र भूमि से खदेड़ नहीं देंगे ।

अब 6 वर्षों के पश्चात् क्या हम इस प्रस्ताव को भूल गये हैं ? क्या हमें वह प्रस्ताव याद है ?

हमारी सुरक्षा का जो उल्लंघन उस समय हुआ था वह अब भी जारी है । हम उस प्रस्ताव को भूल गये हैं । यह आवश्यक है कि हम अपनी सारी गतिविधियों तथा विचारधारा को देश की सुरक्षा की ओर लगायें ।

सुरक्षा देश का प्रथम कर्तव्य है । कुछ कहेंगे कि आर्थिक गतिविधियां भी आवश्यक हैं परन्तु सुरक्षा से भी आर्थिक गतिविधियां सम्पन्न होती हैं । जब हम सुरक्षा की योजना चाहते हैं तो चहुमुखी प्रगति होती है ।

सुरक्षा का उद्देश्य यह है कि देश की सीमा से शत्रु को बाहर किया जावे । इसे पहले राजनीति तथा कूटनीति के तरीकों से प्राप्त करना है और यदि उससे पूरा न हो सके तो फिर जवाबी आक्रमण से प्राप्त करना होता है । हमारी कूटनीति असफल हो गई । हमारी सीमा शत्रु के लिये खुली है ।

राष्ट्रपति अय्यूब खां के राज्य को इस समय खतरे का सामना करना पड़ रहा है । इसी प्रकार चीन में सांस्कृतिक क्रान्ति की असफलता के कारण, माओ को भी खतरा है । यह दोनों अपने आन्तरिक खतरों से बचने के लिये कुछ कर सकते हैं और हमें उसके लिये तैयार रहना चाहिये ।

1962 में जो पाठ हमने सीखा उसका लाभ हमें 1965 में हुआ जब हमारा नेतृत्व एक अच्छे व्यक्ति के हाथ में था । दुःख इस बात का है कि आज हम फिर 1962 की भांति बेसहारा हैं क्योंकि हमारी कूटनीति असफल हो गई है ।

भारत ही एक बड़ा राष्ट्र है जहां अनिवार्य सैनिक सेवा नहीं है । हम स्वयं चाहते हैं कि यहां के प्रतिरक्षा मंत्री एक असैनिक हों, परन्तु अन्य देशों में जो प्रतिरक्षा मंत्री हैं इन्होंने कुछ समय के लिये सैनिक सेवा की हुई होती है । यहां ऐसी बात भी नहीं है ।

[श्री रा० ढ़ो० भण्डारे पीठासीन हुए
Shri R. D. Bhandare in the Chair]

वर्ष 1914-18 के युद्ध के पश्चात् अमरीका ने जापानी आक्रमण के विरुद्ध की धमकी का मुकाबला करने के लिये योजना बनाई। आज पाकिस्तान हमारी सीमा पर बसे लोगों को भड़का रहा है। वह वहां ऐसे दल तैयार कर रहा है जिनकी उनसे सानुभूति हो। हम इसी प्रकार के पाकिस्तान में बसे तत्वों की सहायता नहीं कर रहे। हमने पख्तूनों, पूर्वी पाकिस्तान के लोगों की कभी सहायता नहीं की जो पाकिस्तान के लिये सर-दर्द बने हैं और जिनसे हमें लाभ हो सकता है।

हमने रूस से प्राप्त हथियारों से अपनी सेना को सुसज्जित किया है। हमने 130 मिलीमीटर की तोपें रूस से खरीदीं परन्तु उन्होंने निशाना लगाने के डायल नहीं दिये और उनके बिना उन्हें लक्ष्य पर नहीं छोड़ा जा सकता। रूस ने हमसे कहा है कि हम उसकी बारूद भी तैयार नहीं करें और हम अब भी वह बारूद नहीं तैयार कर रहे हैं।

आज स्थिति यह है कि हम टी०-54 अथवा टी०-55 के लिए बारूद नहीं बना रहे हैं। इस बात के लिए मैं प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री को चुनौती देता हूँ कि वह इस विषय पर वक्तव्य दें।

ऐसा प्रतीत होता है कि सशत्र सेना मुख्यालय में और प्रतिरक्षा मंत्रालय में इस बात पर पुनः विचार किया जा रहा है कि रूस से प्राप्त तोपों को हमें त्याग देना चाहिये और हमें इसके लिये बारूद नहीं बनाना है। प्रतिरक्षा संबंधी जानकारी के अभाव के कारण ही यह नीति त्रुटिपूर्ण हुई है। हमारे प्रतिरक्षा संबन्धी मामलों में दबाव पड़ने के कारण ही ऐसा हो रहा है। हम आज जो हथियार बना रहे हैं उनसे दूसरे युद्ध में हम अपनी रक्षा नहीं कर सकते। आप को यह सुनकर आश्चर्य होगा कि हम जो तैयारी कर रहे हैं, उससे हम पाकिस्तान के साथ केवल एक महीना तक तथा चीन के साथ केवल एक सप्ताह तक ही युद्ध कर सकते हैं। क्या इस तरीके से हम अपनी सीमाओं की रक्षा कर सकते हैं ?

जहां तक पूर्व में अन्दमान तथा कार निकोबार और पश्चिम में लक्कादीय तथा मिनीकाय द्वीपों के पास की प्रवाल पहाड़ियों का सम्बन्ध है, हमें उन्हें अपनी जलसीमा के अन्तर्गत घोषित करना चाहिये और इनमें सैनिकों को रखा जा सकता है तथा वहां पर प्रेक्षण टावर खड़े किये जा सकते हैं। कई देशों ने अपने द्वीपों में ऐसा किया है।

सदा सेना में तथा सेना पर होने वाले व्यय में वृद्धि करने की बात की जाती है। यह इसलिए है कि हमने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन नहीं किया है। हम अभी तक ब्रिटिश ढंग से ही अपनी सेना का गठन कर रहे हैं। इस समय एक आयोग स्थापित किये जाने की आवश्यकता है जो सेना के संगठन, प्रतिरक्षा उत्पादन, शिक्षा तथा सीमाओं की रक्षा के लिये उद्योग को बढ़ाने सम्बन्धी सभी पहलुओं पर विचार करे।

जहां तक स्वतंत्रता प्राप्त करने का प्रश्न है ऐसी बात नहीं कि केवल किसी राजनैतिक दल ने ही स्वतंत्रता दिलाई है। स्वतंत्रता दिलाने वालों में शहीद भगत सिंह तथा नेताजी

सुभाष बोस भी थे। आजाद हिन्द फौज ने भी अपना भाग अदा किया है। अब महत्वपूर्ण प्रश्न इस स्वतंत्रता को बनाये रखने का है

श्रीमती शारदा मुकर्जी (रतनगिरि) : मैं प्रतिरक्षा मंत्री से निवेदन करूंगी कि वह प्रतिरक्षा संबंधी तैयारी के मामले में संसद सदस्यों को विश्वास में लें। संसद सदस्यों को इस बारे में कुछ अधिक जानकारी दी जानी चाहिए।

इस समय सीमा स्थिति सम्बन्धी प्रस्ताव विचाराधीन है। सीमा स्थिति केवल एक सैनिक मामला नहीं है। अतः इसका केवल सैनिक हल नहीं हो सकता। यह एक राजनैतिक मामला है।

सर्वप्रथम प्रश्न शत्रु की कार्यवाही का तथा दूसरे सीमा के लोगों की वर्तमान स्थिति का है।

छापामार युद्ध का प्रश्न कई बार उठाया जा चुका है। मैं सशस्त्र सेना, में अनेक लोगों को जानती हूं जो छापामार युद्ध के बारे में सोच रहे हैं परन्तु हमें इस बात को याद रखना है कि जब इस छापामार युद्ध का महत्व समाप्त हो जायेगा तब इसकी प्रतिक्रिया क्या होगी। 1939–45 के युद्ध के पश्चात् पश्चिमी देशों में सभी से कड़ी समस्या सेना से मुक्त किये गये लोगों के पुनर्वास की थी। इसी प्रकार यदि हम 31 नियमित योजाओं में लोगों को भर्ती करते हैं तो हमें भी भी इनके पुनर्वास की समस्या का सामना करना होगा। 20 वर्ष में हम लोगों को अनुशासन नहीं सिखा सके। अतः छापामार युद्ध का सुझाव देते समय हमें लोकतंत्र को बनाये रखने को भी ध्यान में रखना चाहिए। मैं पेशावर तथा कोटा के क्षेत्रों में रही हूं और मैं जानती हूं कि ब्रिटिश शासन इतनी बड़ी शक्ति रखने के बावजूद भी वहां के लोगों की अनियमित गतिविधियों को नहीं दबा सके।

यदि आप छापामार युद्ध की बातें करते हैं, तो वहां के लोगों को अपने साथ रखना होगा। हमारे यहां तीन प्रकार की कमान हैं। एक तो सेना जो सैनिक मुख्यालय के अन्तर्गत आती है, दूसरे सीमा सुरक्षा दल जो गृह-कार्य मंत्रालय के अन्तर्गत आता है और तीसरे, पुलिस जो राज्य प्राधिकारियों के अधीन है। इन सब की एक कमान नहीं है। सीमा सुरक्षा में सैनिक नियम लागू नहीं होते। टोली स्काउट भी तो सेना के अन्तर्गत आते हैं। इसी प्रकार सीमा सुरक्षा दल भी आ सकता है। यदि आप ऐसा करेंगे तो हम अपनी सेना के दस्तों को जिनमें से 75 प्रतिशत आज सीमा पर हैं। उन्हें बदल सकते हैं। सीमा सुरक्षा दल में सेना का अनुशासन भी नहीं है। इसलिये मैं प्रतिरक्षा मंत्री से कहूँगी कि क्यों न सीमा सुरक्षा दल को सेना के अन्तर्गत किया जाये। शान्ति के समय आप सेना को सीमा पर नहीं रख सकते। यह तब होगा जब आप अपने लोगों में विश्वास रखें। मुझे पता लगा है कि आप इस कारण यह नहीं कर रहे क्योंकि आप एक ही स्थान पर सारी शक्ति को केन्द्रित करना नहीं चाहते।

सैनिक आसूचना अब भी गृह-मंत्रालय के अन्तर्गत है। इससे तो समाधान नहीं होगा। श्री खेड़ा ने एक पुस्तक लिखी है जिसमें उन्होंने लिखा है कि यहां सैनिक क्रान्ति का खतरा नहीं है, क्यों कि यहां सैनिक अधिकारी एक ही जाति के नहीं हैं।

हमें यह सीखना होगा कि अपने लोगों को जिम्मेदारी दें तथा उन पर विश्वास करें।

आज के छापामारों के पास नवीनतम हथियार होते हैं और इस कारण उनका समाधान पुलिस भेजने से नहीं हो सकता।

आज भारत ऐसे युद्ध में लगा हुआ है, तो बहुत लम्बे समय के लिये चलने वाला है। पाकिस्तान तथा हम में से कोई भी पूर्ण युद्ध नहीं कर सकता।

हम चीन की भांति युद्ध के लिये तैयार नहीं हो सकते क्योंकि हम वह त्याग नहीं कर सकते जो चीन कर रहा है। हम सुरक्षा पर 1000 करोड़ रु० व्यय कर रहे हैं। क्या हमारी आर्थिक स्थिति इसकी अनुमति देती है ?

परन्तु हम इस समस्या का समाधान डर उत्पन्न करके भी नहीं कर सकते। प्रतिरक्षा मंत्री को सदन को विश्वास में लेना चाहिये तथा संसद को पूरी सूचना देनी चाहिये। अधिक विश्वासवान तथा कम विश्वास से समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

श्री धीरेश्वर कलिता (गोहाटी) : यह चर्चा श्री शास्त्री जी ने उचित रूप से उठाई है। हमारी सीमा लम्बी है। चीन, पाकिस्तान हमारे शत्रु हैं। अब हम कच्चाटीवू के मामले पर लंका को भी शत्रु बना रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में चार नेपालियों को गिरफ्तार किया गया। इसके कारण नेपाल में भारत के विरुद्ध आन्दोलन हुए।

हमारी लम्बी सीमा है। हम एक-एक इंच तो इसकी रक्षा कर नहीं सकते। इसका अर्थ यह नहीं कि हम कायर बन जायें। हमें यह देखना होगा कि सीमा समस्या सुलझे। स्टालिन ने हिटलर से समझौता किया था।

परिस्थितियों के कारण यह सामरिक महत्व का प्रस्ताव रखना पड़ा है। आज हमारे देश की परिस्थितियां ऐसी हैं कि हमें सीमा-समस्या को सामरिक महत्व को दृष्टि में रख कर करना है।

हम वर्ष 1962 में भारत की दशा देख चुके हैं। यदि हमारे तीन-चार पड़ौसी देश हम पर एक साथ आक्रमण कर दें तो हमारी क्या स्थिति होगी ? प्रत्येक देश को सैन्य तंत्र तथा सामरिक दृष्टि से भी अपने देश की सुरक्षा के बारे में सोचना पड़ता है। इसलिये मैं यह कह रहा हूं कि सीमा समस्या को विश्व की सामरिक दृष्टि से हल किया जाना चाहिए।

आज हमारे सामने प्रश्न यह है कि चीन, पाकिस्तान आदि पड़ोसी देशों के साथ हमें किस प्रकार की नीति अपनानी चाहिए ? हमारा मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि हमारे सम्बन्ध इन देशों के साथ स्थायी तौर पर सौहार्दपूर्ण रहें। हमें अपने देश के आर्थिक विकास तथा देश में शान्ति बनाये रखने के लिये अपने पड़ौसी देशों को स्थायी रूप से मित्र बनाकर रखना चाहिए न कि शत्रु बनाकर। यह सराहनीय बात है कि प्रधान मंत्री ने कई बार यह कहा है कि हम सदैव चीन के साथ बातचीत करने के लिये और पाकिस्तान के साथ युद्ध न करने की सन्धि करने के लिए तैयार हैं। हम पड़ोसी देशों के साथ मित्रों की तरह रह कर ही शान्ति से रह सकते हैं। अतः मैं समझता हूं कि सरकार को अवसर देख कर पड़ोसी देशों के साथ, जिनके साथ

इस समय हमारे सम्बन्ध अच्छे नहीं हैं, फिर से बातचीत का प्रस्ताव रखना चाहिए। इसके साथ-साथ हमें अपनी सीमाओं पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था भी करनी चाहिए।

कार्य मंत्रणा समिति

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

सत्ताइसवां प्रतिवेदन

संसद-कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : महोदय, मैं कार्य मंत्रणा समिति का सत्ताइसवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ।

भारतीय सीमाओं पर तनाव की स्थिति के बारे में प्रस्ताव—जारी।

MOTION RE : TENSION ON INDIAN BORDERS—CONTD.

श्री विक्रम चन्द महाजन (चम्बा) : हम सब अच्छी तरह जानते हैं कि चीन और पाकिस्तान के साथ लगने वाली भारतीय सीमाओं पर स्थिति तनावपूर्ण है। सरकार द्वारा इन देशों के साथ अपने सम्बन्ध सुधारने के लिये बार-बार प्रयत्न किये जाने के बावजूद भी हम इन देशों के साथ अपने सम्बन्ध सुधारने में सफल नहीं हो सके। इसका मुख्य कारण यह है कि चीन और पाकिस्तान, दोनों की आंतरिक, अर्थिक और राजनीतिक स्थिति डवांडोल है, इसीलिये वे जनता का ध्यान इन समस्याओं से मोड़ने के लिये भारत के साथ तनाव की स्थिति बनाये रखना चाहते हैं और हमारे विरुद्ध प्रचार करते हैं तथा हमारी सीमाओं पर छेड़खानी करते रहते हैं जिससे वहां की जनता का ध्यान अपने देश की भीतरी स्थिति की ओर न रह कर भारत के प्रति घृणा का प्रचार करने में लग जाये।

हमारे प्रतिरक्षा मंत्री ने हमारी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिये पर्याप्त कार्य किया है इसलिये वह बधाई के पात्र हैं। आज हमारी सेनाओं के पास यथासंभव आधुनिक हथियार हैं, हमारी सेनाओं के बड़े डीवीजन सीमाओं पर तैनात हैं और हमारे आयुध कारखाने अच्छे हथियार और टैंक बना रहे हैं। इस सबका श्रेय प्रतिरक्षा मंत्री महोदय को है। हम आर्थिक तथा सुरक्षा सम्बन्धी समस्याओं को हल करने का प्रयत्न कर रहे हैं। इन सब बातों के होते हुए भी अभी और कुछ किये जाने की गुंजाइश है। मैं इस सम्बन्ध में कुछ सुझाव देना चाहता हूँ।

हमें अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में गांवों का विशेष ध्यान रखना चाहिए इन गांवों के निवासियों को पर्याप्त मात्रा में हथियार दिये जाने चाहिए ताकि वे समय पड़ने पर उनका अच्छे कारगर ढंग से उपयोग कर सकें। यदि ये गांव सैनिक दृष्टि से समृद्ध हो जायेंगे तो ये देश के प्रहरी का कार्य कर सकते हैं। इन गांवों में दुश्मन के बारे में जानकारी प्राप्त करने

के लिये गावों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे सदा शत्रु की गतिविधियों पर नजर रख सकें और उनकी जानकारी सरकार को देते रहें।

देश को सैनिक दृष्टि से सुदृढ़ बनाने के लिये छात्रों को अनिवार्य सैनिक-शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्नत देशों में भी छात्रों को अनिवार्य शिक्षा दी जाती है। इससे हमें अच्छे प्रशिक्षण-प्राप्त सैनिक हर समय मिल सकते हैं और सेना पर होने वाला व्यय भी कम किया जा सकता है।

हमारे सैनिक कम आयु में ही सेवानिवृत्त कर दिये जाते हैं जिसके कारण उनके लिये अपना शेष जीवन निर्वाह करना कठिन हो जाता है। एक सिपाही को प्रायः 35 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति मिल जाती है और उसे 30–35 रुपये मासिक पेंशन मिलती है। इतनी कम राशि में उनका जीवन निर्वाह कैसे हो सकता है? अतः मेरा अनुरोध है कि सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए सरकारी सेवाओं में स्थानों का आरक्षण किया जाना चाहिए ताकि उनका जीवन सामान्य रूप से चल सके।

सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बच्चों को शिक्षा तथा नौकरी के मामलों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्हें सभी प्रकार की सुविधा प्राप्त होनी चाहिए जिससे वे शत्रु के लालच में आ कर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में न लगें। यदि हम मिजो पहाड़ियों और नागालैंड में भी यह नीति अपनाएं तो इन क्षेत्रों की समस्या काफी सीमा तक हल हो सकती है।

अन्त में मैं केवल यह कहना चाहता हूँ कि सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़ी संख्या में विश्वसनीय लोगों को बसाया जाना चाहिए। किन्तु इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग अविश्वसनीय हैं। मेरा तात्पर्य केवल यह है कि हमें किसी भी दशा में अपनी सुरक्षा के लिये खतरा पैदा नहीं करना चाहिए।

श्री ई० के नायनार (पालघाट) : हमें सीमा सुरक्षा का प्रश्न सैनिक तथा राजनीतिक दोनों दृष्टियों से हल करना है। यद्यपि हम सैनिक दृष्टि से मजबूत हैं किन्तु हमें वियतनाम युद्ध तथा द्वितीय विश्व युद्ध से सबक लेना चाहिए। वियतनाम में गत् 22 वर्ष से 3 करोड़ व्यक्ति लड़ रहे हैं। यदि हम सभी दृष्टियों से जनता का सहयोग प्राप्त करके इस समस्या को हल करें तो हम देश की सुरक्षा पूरी तरह कर सकते हैं।

पिछले 20 वर्षों से पाकिस्तान के साथ और 8 वर्षों से चीन के साथ हमारा विवाद चल रहा है। आज हमारी स्थिति ऐसी हो गई है कि हम यह नहीं जान पा रहे है कि कौन हमारा मित्र है और कौन शत्रु ? क्योंकि बर्मा, श्रीलंका, आदि पड़ोसी देशों के साथ भी कुछ मामलों पर कुछ विवाद चल रहा है जिन्हें सुलझाने का सरकार द्वारा प्रयत्न किया जा रहा है। रूस तथा अमरीका द्वारा पाकिस्तान को हथियार दिये जाने के बारे में इन देशों से भी हमें चिन्ता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि हम अकेले पड़ते जा रहे हैं। वर्ष 1956 में सभी देश भारत के मित्र थे। हमें आज एक ऐसी नीति अपनानी चाहिए जिससे हमारा

कोई शत्रु न रहे । हम में किसी देश के प्रति विरोधी भावना नहीं होनी चाहिए । चीन और पाकिस्तान के साथ बातचीत करने के लिए हमें पहल करनी चाहिए । यदि हमारी पहल के बावजूद भी चीन भारत के साथ बातचीत नहीं करना चाहता है तो वह अकेला पड़ जायेगा ।

पाकिस्तान के साथ 20 वर्षों से चला आ रहा विवाद और कितने समय तक चल सकता है ? आज हमें प्रत्येक देश के साथ भारत विरोधी नीति का परित्याग कर देना चाहिये, इसी में हमारा कल्याण है । आज हम देखते हैं कि अमरीका पश्चिम जर्मनी आदि देश भी चीन के साथ सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयत्न कर रहे हैं। हमें आज आवश्यकता इस बात की है कि हम काश्मीर की जनता तथा शेख अब्दुल्ला का विश्वास प्राप्त करना चाहिए । संविधान के अनुच्छेद 370 का निरसन नहीं किया जाना चाहिए । काश्मीर में अराजपत्रित सरकारी कर्मचारियों के जो नेता नजरबन्द हैं उन्हें रिहा किया जाना चाहिए। उन्हें केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के बराबर महंगाई-भत्ता मिलना चाहिए । कोई भी समस्या सैनिक शक्ति से हल नहीं की जा सकती है । अतः हमें अपनी देश की रक्षा के लिए जनता का विश्वास प्राप्त करके एक व्यापक नीति अपनानी चाहिए ।

Shri Bibhuti Mishra (Motihari) : Mr. Chairman, Government are doing a commendable work for the country. As regards the defence of our country I would like to say that we should always be militarily stronger than our neighbours. This lesson was taught to us by Bhishma Pitamah in Mahabharat and we should always keep it in mind.

We have two big enemies on our borders. Our performace in the Indo-Pak conflict of 1965 was good but it should have been better. We should have occupied the whole of Pakistan and then should have negotiated with her from a position of strength. We should not have signed Tashkent agreement under the pressure of Russia. I had already opposed this agreement in Jaipur Congeess session and still I am of the same view

If we see our history we will find that whenever we received setbacks in attacks by enemies, perticularly from Muslim invadors, it was because their arms were superior. We should keep this thing in mind that danger to our borders from China is greater than it is from Pakistan. So far as threat from China is concerned our military intelligence should be in a position to provide accurate assessment of the strength of China. We should also keep this thing in mind that China is manufacturing atom bombs and she can use them against any country including India. Therefore in this context our policy not to manufacture atom bombs is wrong. No country will come to our help at the time of crisis therefore we should depend upon ourselves for the defence of our country. It is said that since our economic condition is not satisfactory we cannot afford to make atom bomb In this connection I would like to say that we should give greatest importance to the defence of our country. For this purpose we should lead a life of austerity and save money for the defence of the country.

I would also like to say that pro-Mao elements are active in our country. They are publishing pro-Mao literature in various parts of the country. Therfore we should always be vigilant about the activities of fifth columnists. They should be firmly dealt with.

But unfortunately I see that our government is not doing that. I may also suggest that our Home Minister should not leave these matters to the State Governments.

China has set up a military base near Kodari on. the Nepal Border. She has also constructed a number of roads near our borders which is very serious thing for the defence of our country. There is no military base on our side of this border to counter the threat. I therefore suggest that steps should be taken to meet this threat.

We should realise that the security of the country is a national issue. The country is more important than a party or an individual. Therefore the Government should take all steps to strengthen the defence of the country.

श्री दिनकर देसाई (कनारा) : मैं अपने से पूर्व वक्ताओं द्वारा कही गई बात नहीं दोहराना चाहता हूँ । मैं इस सम्बन्ध में प्रतिरक्षा मंत्री महोदय से कुछ प्रश्न पूछना चाहता हूँ । उदाहरणार्थ, श्रीमती शारदा मुकर्जी ने कहा है कि हम अपने भाषणों द्वारा आतंक पैदा कर रहे हैं ।

आज हमारे पाकिस्तान से सम्बन्ध और भी खराब हैं क्योंकि भुट्टो जेल में है और जो व्यक्ति जेल में होता है उसका संगठन मजबूत हो जाता है । भुट्टो का रवैया अनुभव की तुलना में अधिक भारत विरोधी है ।

इसलिये पाकिस्तान से खतरा और अधिक बढ़ गया है । इसी प्रकार चीन से भी खतरा बढ़ गया है । चीन ने हमारी सीमा पर 13 से 16 डिविजन सेना तैनात कर रखी है ।

श्रीमती शारदा मुकर्जी ने कहा है कि हम चीन से बिना किसी अन्य राष्ट्र की सहायता के युद्ध नहीं कर सकते । सत्तारूढ़ दल के सदस्य का इस प्रकार का वक्तव्य ठीक नहीं है ।

पंचवर्षीय योजना ने अमीरों को अधिक अमीर तथा गरीबों को अधिक गरीब बना दिया है । परन्तु यदि सरकार जनता को विश्वास में ले तो तभी वे युद्ध का सामना करने के प्रति उत्साह दिखायेंगे । भारत की जनता किसी भी प्रकार के त्याग के लिए समर्थ है । चीन और पाकिस्तान के आक्रमण के समय वे एक हो कर उसका समना करने के लिए तैयार हो गए । यहां तक गरीब व्यक्ति ने भी राष्ट्रीय रक्षा कोष के लिए अपने जेवर आदि दिये । प्रतिरक्षा मंत्री ने कहा था कि चीन की ओर से परमाणु बम का खतरा बहुत गम्भीर है परन्तु इसका सामना करने के लिए उन्होंने कोई सुझाव नहीं दिया है । हमारी सरकार एटम बम बनाने के पक्ष में नहीं है । अगर ऐसा है तो चीन से एटम बम के हमले का जो खतरा है उसका सामना करने के लिए क्या किया जा रहा है ?

कांग्रेस दल के किसी महत्वपूर्ण सदस्य ने यह सुझाव दिया है कि सेना में पदोन्नति केवल वरीयता के आधार पर नहीं की जानी चाहिए । परन्तु अगर पदोन्नति के लिए वरीयता को मापदण्ड नहीं बनाया जायेगा तो किसे पदोन्नत किया जायगा ? इस मापदन्ड के अभाव में तो सेना में पक्षपात बहुत चलेगा । यह वास्तव में माननीय सदस्य ने बहुत खतरनाक सुझाव दिया है । श्री कृष्ण मेनन के प्रतिरक्षा मंत्रित्व के काल में इस प्रकार का पक्षपात

बहुत हुआ और बहुत से पदोन्नति केवल इसी आधार पर किये गए। मैं यह स्पष्ट आश्वासन चाहता हूँ कि किसी की भी पदोन्नति किसी विशेष विचारधारा अथवा विदेशी शक्तियों के दबाव में आ कर न की जाये। हमें यह अपने ध्यान में रखना चाहिए कि कोई भी देश किसी ऐसे देश की सहायता करने नहीं आता जिसमें आत्मविश्वास नहीं है और जो सीमाओं पर होने वाले हमलों को रोकने के लिए तैयार नहीं है। हमें चाहिए कि हम अमेरिका या रूस या किसी अन्य देश पर निर्भर न रहें। हम किसी भी हमले का सामना करने के लिए तैयार हैं बशर्ते सरकार इसके लिए पूरी तैयारी रखे और सेना को अधुनिक साज-समाज से लैस रखे।

Shri Sheo Narain (Basti) : When Pakistan attacked us in 1965 then our young boys destroyed their Saber Jets with small Gnat planes. We took the reponsibility of our Government because we are the reponsible members of this country. I want to tell everybody thai India is not a weak country.

We are not afraid of Pakistan or China and we should learn a lesson from Israel. Our people are not weak. They are prepared to shed their blood for the defence of the country But the Government should make arrangement for the training of people living near borders and good roads should be buil tthere. China and Pakistan are doing this. We should also take such works in our hands. We have to be alert and the production of foodgrains and cloths etc should be increased. I do not farvour Family Planning because we need such young people who can free China and Pakistan. I want to say to our Defence Minister to manufacture modern guns, machines etc in the country. We are not pessimistic. When Pakistan attacked us the people of Punjab served the Jawans with foods at the front. But we do not like your weak policy. We are prepared for the defence of the country. Atom bomb or Hydrogen bomb can not make us bow before enemies' But the Government should use the atomic energy for the manufacture of small weapons

At last I will request the Government to make arrangments for the protection of capital, Red Fort, Taj Mahal etc. China has an airport in Tibet, so it is very necessary for the Indin Government to take suitable steps for the defence of our country. China has taught a lesson and we should be alert now.

Shri Rabi Ray (Puri) : First of all I would like to say tbat this Government lacks the determination to defend the freedom of the country. During the course of discussion on Kachativu Island Shri Surendra Pal Singh, Deputy Minister in the Ministry ef External Affairs had stated that nobody lives in that Island. This statement is not correct and an hon'ble Member of D. M. K. had explained that our fishermen go there for fishing and they are arrested by Government of Ceylon. It shows lack of seriousness in determination to defend the country.

We have two enemies viz Pakistan and China. But there is difference between the two enemiese. Government have not placed on the table the report of Handerson Brooks so far from which we could know the reasons of our debacle in NEFA. Pakistan was our brother just before partition of the country. But that does not mean that Pakistan should occupy our land. Some people feel that U. S. A. is the greatest enemy of China because of ideslogical differences. But there is a change in the attitude of U. S. A. towords China and it is possible taht if China attacks our country U. S. A. may not come for our help because of their own vested interests. In view of this changing situation I would request the Minister of Defence to take urgent measures to bccome self-sufficient. We should bring economic resolution in our country so that the economic condition of our farmers and workers is improved. Then they would fight the enemy with back to the wall.

I want to suggest that our army should be re-orgainsed. Government should inculcate the spirit of defence of country among our young men by recruiting every young man of 24-25 years of age in the army. Compulsory military training should be imparted to the youngmen and students of our country.

Government should encourage other ranks of the army who have proved that they can make supreme sacrifices for the defence of the country. Government should fix the quota of promation for the lower ranks at 75./· so that they may feel encouraged- Senior officers who have good record, should be premoted.

Foreign policy and defence policy are co-related. We should with modernise our army. The reason of our debacle in NEFA was that our army was equipped conventional weapons whereas the Chinese army was equiped with modern weapons. Therefore we should equip our army with modern weapons.

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : मुझे प्रसन्नता है कि सभा में सभी पक्षों में इस बात पर सहमति है कि हमारे सामने कितना बड़ा खतरा है और उसका मुकाबला करने के लिये हमें अपने आपको किस प्रकार संगठित करना है। मैं इस बात से सहमत हूँ कि प्रतिरक्षा की शक्ति हमारी आर्थिक, औद्योगिक, देश की आन्तरिक शक्ति और देश की एकता पर निर्भर करती है। इन सब बातों का प्रतिरक्षा के साथ सम्बन्ध है। परन्तु हमारे दृष्टिकोण में कुछ मतभेद है। वस्तुस्थिति यह है कि पाकिस्तान और चीन के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण हमें इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कुछ माननीय सदस्यों का कहना है कि यह स्थिति हमारी राजनयिक विफलता का परिणाम है परन्तु कुछ अन्य सदस्यों के विचार में समझौते के लिये हमने पूरे प्रयत्न नहीं किये। मेरे विचार में यह कहना बिल्कुल अनुचित है कि हमें अपनी गलत नीतियों के कारण पाकिस्तान और चीन से खतरों का सामना करना पड़ा है।

श्री म० ला० सोंधी (नई दिल्ली) : तिब्बत के सम्बन्ध में क्या स्थिति है ?

श्री स्वर्ण सिंह : माननीय सदस्य को मैं बताना चाहता हूँ कि हमारा प्रयत्न सदैव यह रहा है कि हम अपने पड़ौसी देशों के साथ शांति पूर्ण ढंग से रहें। हम चीन और पाकिस्तान दोनों देशों के साथ शान्तिपूर्ण ढंग से रहना चाहते थे। परन्तु शीघ्र ही हमें यह कटु सत्य मालूम हो गया कि शांति एकतरफा नहीं रह सकती। जब तक दूसरा पक्ष शांति के पक्ष में नहीं है, तो हम चाहें कितना कठिन प्रयत्न करें शांति रखना असंभव है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमने सोचा था कि हम अपने पड़ौसियों के साथ शांतिपूर्वक ढंग से रहेंगे। हमारा विचार पाकिस्तान के साथ शान्तिपूर्ण ढंग से रहने का था। परन्तु हमने पाकिस्तान के साथ मतभेदों को शान्तिपूर्ण ढंग से दूर करने के जो जो प्रयास किये हैं, हम उन सबमें असफल रहे हैं। वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान का रवैया हमारे प्रति सदैव शत्रुतापूर्ण रहा है। हम शान्ति के लिए प्रयास करते रहे परन्तु पाकिस्तान का शत्रुतापूर्ण रवैया बढ़ता ही गया। पाकिस्तान का शत्रुतापूर्ण रवैया निरन्तर जोर पकड़ता जा रहा है और उनकी भारत के प्रति घृणा भी निरन्तर बढ़ती जा रही है। परन्तु यह कहना गलत है कि पाकिस्तान जो भारत के विरुद्ध घृणा का अभियान चला रहा है, उसमें हमारी गलती है। ऐसा कहना खतरनाक होगा यथा यदि हमारी गलती का आभास मिला तो इससे हमारे लोगों का मनोबल समाप्त हो जायेगा। वास्तविकता

यह है कि हम पाकिस्तान के साथ शान्तिपूर्ण ढंग से रहना चाहते हैं, परन्तु यदि पाकिस्तान शत्रुता का रवैया अपनाता है, तो इसमें हमारी क्या गल्ती है। पाकिस्तान ही सैनिक गुटों में शामिल हुआ था तथा उसका उद्देश्य हथियार प्राप्त करना था। पाकिस्तान ने पाश्चिम राष्ट्रों को बाताया कि साम्यावाद से लड़ने के लिये उसे हथियार चाहियें परन्तु अब संसार जानता है कि उसे उन हथियारों की साम्यवाद से लड़ने के लिये जरूरत थी, या अपने पड़ोसी देशों से। अब पाकिस्तान का रवैया ऐसा है जिससे यह प्रतीत होता है कि वह उन गुटों से दूर हट रहा है। इसमें भी पाकिस्तान का निहित उद्देश्य है। पाकिस्तान समझता है कि ऐसा करने से वह भारत पर अधिक दबाव डाल सकता है। ऐसी स्थिति में किसी देशवासी के लिये यह सोचना कि पाकिस्तान के वर्तमान रवैये का कारण भारत के रवैये में शान्ति से रहने की कमी है, निराधार है।

जहाँ तक चीन का सम्बन्ध है, चीन का रवैया हमारे प्रति निरन्तर शत्रुतापूर्वक रहा है। चीन ने सभी सिद्धान्तों को त्याग दिया है और वह उन सभी शक्तियों का समर्थन करने को तैयार है, जो भारत के विरुद्ध हैं, चाहे वे शक्तियाँ प्रतिक्रियावादी हों अथवा तानाशाही हों, अथवा किसी ऐसे समझौते के सदस्य हों जो चाहे चीन के ही विरुद्ध हो। चीन का एकमात्र उद्देश्य भारत पर दबाव डालना है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि चीन अपने इस उद्देश्य में कभी सफल नहीं होगा। चीन हमें कमजोर करना चाहता है तथा वह हमारे लोकतंत्रीय जीवन को नष्ट-भ्रष्ट करना चाहता है। इस उद्देश्य के लिये चीन पाकिस्तान को सैनिक सामान दे रहा है तथा मिजो और नागाओं की कई प्रकार से सहायता कर रहा है तथा देश में विघटनकारी प्रवृत्तियों को जन्म देने का प्रयास कर रहा है।

मैं माननीय सदस्यों को और उनके द्वारा समस्त राष्ट्र को यह बनाना चाहता हूँ कि चीन और पाकिस्तान के सम्बन्ध में हमारे देश के सामने जो स्थिति है, हमें उस पर गम्भीर विचार करना होगा। हमारे लिये यह सोचना कि इस ढंग से या उस ढंग से, इस समस्या को आसानी से सुलझाया जा सकता है, इस समस्या को कम समझना होगा। यह एक बहुत जटिल समस्या है। यह एक लम्बा और कठिन रास्ता है, जिस पर हमें पूरी मूसतैदी से चलना है। हमें इस रास्ते पर पूरी सतर्कता से चलना होगा। सतर्कता ही हमारी स्वाधीनता का मूल्य है।

कई माननीय सदस्यों ने कहा था कि हमें पाकिस्तान और चीन के दौहरे खतरे का मुकाबला करना है। यह कथन बिल्कुल सत्य है। दोनों देशों के बीच शिष्टमंडलों का आदान-प्रदान किया जा रहा है तथा दोनों देशों में जो वक्तव्य दिये जा रहे हैं, उनमें भारत को बदनाम किया जा रहा है। चीन हमेशा पाकिस्तान का समर्थन करता है। अतः यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हमें दोनों देशें से खतरा है। अतः हमारा रवैया गरिमा और तैयारी का होना चाहिये।

पाकिस्तान के साथ सम्बन्धों का उल्लेख करते समय मैं यह कहना चाहता हूँ कि हमें पाकिस्तान के लोगों में और उसके नेताओं के बीच भेद को समझना चाहिये। दोनों देशों के लोग शान्ति से रहना चाहते हैं। पाकिस्तान के लोगों का रवैया भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण नहीं है। परन्तु पाकिस्तान के नेता सत्ता में बने रहने के उद्देश्य से हमेशा भारत से खतरे की दुहाई देते रहते हैं।

वे वहां के लोगों को गुमराह करते हैं और हमारे प्रति शत्रुता का भाव पैदा करते रहते हैं। उनके देश में कोई भी गड़बड़ होती है चाहे वह रेलवे दुर्घटना ही क्यों न हो—उसी के लिये कहा जाता है कि इसमें किसी विदेशी शक्ति का हाथ है और विदेशी शक्ति का उनका तात्पर्य सदा भारत से होता है। हमें अपनी सैनिक तैयारी करते समय इस बात पर ध्यान देना होगा। पाकिस्तान के नेता हमेशा अपने लोगों की बनाते रहते हैं कि उन्हें भारत से खतरा है, जो कि बिल्कुल गलत बात है। हमने कई बार यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान पर हमला करने का हमारा कोई इरादा नहीं है। परन्तु हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि हम अमने देश के किसी भी भाग पर पाकिस्तान का हस्तक्षेप अथवा आक्रण सहन नहीं कर सकते। वर्ष 1965 में पाकिस्तानी आक्रमण का मुकाबला करते समय हमने यह स्पष्ट कर दिया था कि यदि पाकिस्तानी नेता यह समझते हैं कि वे लड़ाई के लिये स्थान चुन सकते हैं, अथवा जो उपद्रव वे करना चाहें उसके लिये वे स्थान चुनने में सफल हो सकते हैं तो वे गलती पर हैं।

जहाँ तक चीन का सम्बन्ध है, हमें इस समस्या को एक मामूली समस्या नहीं समझना चाहिये। चीन एक बड़ा देश है और वह हमारा पड़ोसी है। चीन के साथ हमारी एक लम्बी सीमा है और हमें उसकी रक्षा करनी है। मैं इस माननीय सभा को आश्वासन दिलाना चाहता हूँ कि यह वर्ष 1968 है, 1962 नहीं। पिछले वर्ष सितम्बर, 1967 में जब चीन ने नाथूला और चोला में गड़बड़ी पैदा करने का प्रयत्न किया तब हमारे बहादुर जवानों और अधिकारियों ने उसका मुंहतोड़ जबाब दिया और इसके बाद चीन चुप हो गया। चीन के बारे में भी मैं कहना चाहता हूँ कि हम अपने सभी मतभेद शान्तिपूर्ण ढंग से सुलझाना चाहते हैं तथा चीन के प्रति हमारा रवैया आक्रमक नहीं है।

श्री म० ल० सोंधी : अपनी भूमि वापस लेने के बारे में आप क्या कर रहे हैं ?

श्री स्वर्ण सिंह : जैसा कि मैंने कहा है कि चीन की समस्या एक गम्भीर समस्या है। उसके साथ हमारी बहुत लम्बी सीमा है और लगभग 1,3,0,000 से 1,5,0,000 चीनी सैनिक पूर्वी तथा पश्चिमी क्षेत्र में हमारी सीमाओं पर जमा होते रहते हैं। उसने बेहतर संचार व्यवस्था बना ली है। यह भी सच है कि उसने संकेत मार्ग अथवा अरीय मार्ग बना लिये हैं। हमने भी इन वर्षों में विशाल हिमालय तक पहुँचने के लिये सड़कें बनाई हैं और अपनी संचार व्यवस्था स्थापित की है तथा उसमें बहुत सुधार किया है। हमारे सैनिक भी सीमा पर तैनात हैं और वे बहुत सतर्क हैं। चीनी इस बात को जानते हैं। हालां कि चीनी और भारतीय सैनिक मजबूती से जमे हैं, फिर भी हमारे जवानों की सतर्कता की यह विशेषता है कि सीमा पर कोई बड़े पैमाने की घटना या अनाधिकार प्रवेश नहीं हुआ है। हमारे जवानों की सर्तकता सराहनीय है।

कई माननीय सदस्यों ने सैनिक तैयारी के बारे में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। मैं माननीय सदस्यों को यह बताना चाहता हूँ कि संचार व्यवस्था कायम करने, सामरिक प्रतिरक्षा की स्थापना करने, सड़क संचार के अतिरिक्त अपनी अन्य संचार व्यवस्था में सुधार करने और जो लोग मोर्चों पर हैं, उन को आवश्यक सैनिक सहायता पहुँचाने में हमने बहुत सावधानी बरती है। वे माननीय सदस्य जो सीमा पर हमारे प्रबन्धों को देख कर आये हैं, वे अवश्य इस बात से सहमत होंगे कि हमारे जावानों का मनोबल बहुत ऊँचा है। मैं कई बार

पूछ, कारगिल गूरज, टांगधर तथा अन्य कई अग्रिम क्षेत्रों में गया हूँ तथा अपने जवानों की बलिदान और देश भक्ति की भावना देख कर बहुत प्रभावित हुआ हूं। मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि अग्रिम क्षेत्रों के निवासियों ने हमारे जवानों की बहुत सराहना की है। उन्होंने मुझे बताया कि वे किस प्रकार उनकी रक्षा करते हैं ? हमारे जवानों का मनोबल बहुत ऊंचा है और उन्होंने सीमा-क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ बहुत अच्छे सम्बन्ध बना लिये हैं।

मैं इस बात से पूर्णतया सहमत हूं कि हमारे देश की वास्तविक शक्ति सैनिक सामान के सम्बन्ध में हमारी आत्म-निर्भरता पर निर्भर है। परन्तु चूंकि हमारी समस्यायें हमें मजबूर कर रही हैं तथा जब तक हम सामान तैयार करेंगे, तब तक वे इन्तजार नहीं कर सकतीं, इसलिये हमने स्वयं अपने रक्षा-उत्पादन को संगटित करने और इस बीच विदेशों से हथियार प्राप्त करने की नीति अपनाई है। हमने इस नीति को पिछले सात या आठ साल से अपनाया है और इन दोनों ही बातों में हमें पर्याप्त सफलता मिली है। प्रतिरक्षा रक्षा तैयारी के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि कुछ वर्ष पहले प्रतिरक्षा-उत्पादन का हमारा खर्च 50 करोड़ रुपये होता था, अब वह बढ़कर 175 करोड़ रुपये हो गया है। छोटे हथियारों की अधिकांश आवश्यकता की पूर्ति हम अपने आयुक्त कारखानों में निर्मित हथियारों से करते हैं। हम बहुत से क्षेत्रों में लगभग आत्म-निर्भर हो गये हैं। हम आधुनिक हथियार बनाने का भी प्रयत्न कर रहे हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि हमें वायु सेना, स्थल सेना, सशस्त्र प्रभाग और नौ सेना में पर्याप्त सफलता मिली है। बम्बई में पीछे एक दिन स्वयं भारत में निर्मित युद्ध-पोत के उद्घाटन की घटना एक बहुत महत्वपूर्ण घटना थी। वह एक बहुत महत्वपूर्ण अवसर था। हमारे प्रधान मन्त्री ने उसका उद्घाटन किया था।

एक माननीय सदस्य ने विजयन्त टैंक के बारे में पूछा था। मैं माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूँ कि विजयन्त टैंक बनाये जा चुके हैं। वे और अधिक संख्या में बनाये जा रहे हैं। उसकी शक्ति अथवा इसके कार्य अथवा उसके शस्त्रागार में जो भी सुधार किया जा सकता है, वह भी हम करने का प्रयत्न कर रहे हैं। इन पहलुओं पर हमारा ध्यान बराबर लगा हुआ है और हमें पर्याप्त सफलता मिली है।

इस पृष्ठभूमि में हमें अपनी सशस्त्र सेना और जनता के मनोबल को बनाये रखना है। यह खतराक होगा यदि हम यह धारणा पैदा करें कि हमारी सशस्त्र केना के सदस्यों के पास अच्छे किस्म के हथियार और सामान नहीं है। सशस्त्र सेनाओं के पास विभिन्न प्रकार के हथियारों की अच्छाई या प्रभाविकता के बारे में सन्देह पैदा करना बहुत घातक है, क्योंकि यदि उन्हें जरा भी यह सन्देह हो जाये कि उनके हथियार प्रभावी नहीं हैं तो उनका हौसला गिर जायेगा।

हमारे सामने बहुत गम्भीर समस्या है। अतः हम अपनी सैनिक तैयारी में ढील नहीं दे सकते। मुझे खुशी है कि सभा के सभी पक्षों के माननीय सदस्यों ने इस बात का समर्थन किया है कि हमें अपनी सैनिक तैयारी जारी रखनी चाहिये।

मैं बताना चाहता हूँ कि हम अपनी ओर से सभी सम्भव प्रयत्न कर रहे हैं।

श्री बलराज मधोक : श्री रणजीत सिंह ने देश में गोला-बारूद के बनाने की बात पूछी थी। हम इस सम्बन्ध में आश्वासन चाहते हैं।

श्री स्वर्ण सिंह : इस सम्बन्ध में बजट के समय विस्तार से चर्चा होगी । जहां तक गुप्तचर विभाग के कार्य की बात है असैनिक तथा सैनिक विभाग में पूरा समन्वय है ।

Shri Prakash Vir Shastri (Hapur) : I am grateful to all those hon. Members who have supported my resolution and have given useful suggestions, Shri Malhotra has raised the question of promotions of officers. It is a very important matter. The promotions should be made on the basis of experience and work. It is a very delicate matter. Shri Kalita has suggested that we should start negotiations with China. I cannot understand as to how we can do that ? The Chinese embassy here is busy in nefarious activities. It is helping the saboteaures. The Naxalites are doing such activities at the instance of this Embassy. In spite of all this how can we think of starting a dilogue with China ? This country has got basic unity in its people. Whenever an external aggression has taken place, people have risen like one man.

There were many reassuring features in Shri Swaran Singh's speech. It would have been better if he had mentioned about the following matters. We should bring about good and intimate relations between officers and Jawans of the army. Our research on military science should be given a new shape. It is a vital matter. We should keep ourselves abreast with the latest methods of warfare. Extra funds should be provided for this.

I hope the Defence Ministry will take into consideration the points that have been made during this discussion.

श्री स्वर्ण सिंह : मैं कहना चाहता हूँ कि जो बातें यहाँ पर कहीं गयी हैं उन पर ध्यानपूर्वक विचार किया जायेगा ।

इसके पश्चात् लोक-सभा शुक्रवार, 13 दिसम्बर, 1968/22 अग्रहायण, 1890 (शक) के ग्यारह बजे तक स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, 13th December , 1968/22 Agrahayana, 1890 (Saka)

Printed by Job Printers, Allahabad.